# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025



5

विश्व कप मिशन : घरेलू जमीन पर इतिहास...









## अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।









**हमसे सीखो देशभक्ति :** सूर्यकुमार ने एशिया कप के सभी मैचों की अपनी फीस पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों और सशस्त्र बलों को देने का ऐलान किया

### एशिया कप में लगभग कुचल दी गई पाक की टीम गरम तवे पर जा बैठी, आतंकियों की हिमायत में उतरी

# पाक क्रिकेटर 'सिंदूर' में मारे गए आतंकियों को देंगे मैच फीस, ट्रॉफी लेकर भागा नकवी



ट्रॉफी ले जाने की एक्टिंग करते कप्तान सूर्यकुमार



टीम इंडिया ने कहा कि वे अमीरात क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेना पसंद करेंगे लेकिन, जिनके हाथ पहलगाम में निरपराध 26 भारतीयों के खून से रंगे हों, उनसे ट्रॉफी नहीं लेंगे

बीसीसीआई ने दी चेतावनी- जल्द वापस करें ट्रॉफी, वो पीसीबी की प्रॉपर्टी नहीं

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

एशिया कप के तीसरे मैच में जबरदस्त शिकस्त खाने वाली पाक टीम के खिलाड़ी भी आतंकियों के प्रेम से ग्रस्त निकले। मैदान पर तो उन्होंने जेट गिराने के आपत्तिजनक एक्शन किए ही पर जब वे मैदान में पूरी तरह से गिरे तो बौखला गए। फाइनल मैच में इनामी राशि 75 हजार डॉलर का चेक पाक टीम कप्तान सलमान आगा ने जमीन पर फेंक दिया। बाद में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि पाक टीम ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए ।

### दिल जीतना ही असली ट्रॉफी

नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं लेने पर सूर्यकुमार ने कहा कि मैं इसे विवाद नहीं कहूंगा। अगर आपने देखा हो, तो लोगों ने ट्रॉफी की तस्वीरें इधर-उधर पोस्ट की हैं। लेकिन असली ट्रॉफी तो तब मिलती है जब आप लोगों का, खिलाड़ियों का, अपने द्वारा अर्जित विश्वास का, सपोर्ट स्टाफ का, उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास का और पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों का दिल जीतते हैं।



### बैखलाया नकवी मैदान से मेडल व ट्रॉफी लेकर ही भाग खड़ा हुआ

### बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा- आईसीसी से शिकायत करेंगे

### पीएम के बयान पर बोले सूर्या

## अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है



सूर्यकुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट पर कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। मोदी ने इसे ऑपरेशन सिंदूर से जोड़ा था और भारतीय क्रिकेटरों को बधाई दी थी।

### पाकिस्तान इस सजा का हकदार: रिजिजू

*किरेन रिजिजू ने रऊफ को आउट करने के बाद बुमराह ने जो इशारा किया उसका स्क्रीनशॉट शेयर किया है। दरअसल, बुमराह ने रऊफ को औकात दिखाते हुए उनका बीच मैदान मजाक उड़ाया था। रिजिजू ने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा- पाकिस्तान इस सजा का हकदार था।*

## नकवी ने हताशा में बोला ऐसा झूठ




भारत की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को बधाई दी थी। जवाब में नकवी ने ट्वीट कर एक चौंकाने वाला और झूठा बयान दिया। उन्होंने लिखा-अगर गर्व का पैमाना युद्ध है, तो इतिहास पहले ही आपकी शर्मनाक हार को पाकिस्तान के हाथों दर्ज कर चुका है। कोई भी क्रिकेट मैच इस सच को नहीं बदल सकता। खेल में युद्ध घसीटना केवल हताशा दिखाता है और खेल की आत्मा का अपमान है।

## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर बने शिरीष चंद्र मुर्मू




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को नया डिप्टी गवर्नर मिल गया है। केंद्र सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को आरबीआई का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है और उनकी जिम्मेदारी 9 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है।

## ट्रंप ने किया एक और 'खेल' अब सिनेमा पर 100% टैरिफ



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका में अपना फर्नीचर न बनाने वाले किसी भी देश पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अमेरिका का "फिल्म निर्माण व्यवसाय" दूसरे देशों द्वारा 'बच्चे से कैंडी' की तरह छीन लिया गया है। कैलिफोर्निया अपने कमजोर और अक्षम गवर्नर के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसलिए लंबे समय से चली आ रही, कभी न खत्म होने वाली समस्या को हल करने के लिए मैं अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाऊंगा। एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उत्तरी कैरोलिना, जिसने अपना फर्नीचर कारोबार चीन और अन्य देशों के हाथों पूरी तरह खो दिया है, को पुनः महान बनाने के लिए मैं ऐसे किसी भी देश पर भारी टैरिफ लगाऊंगा जो संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना फर्नीचर नहीं बनाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति ट्रंप ने कई उत्पादों पर भारी शुल्क लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने दवा उत्पादों पर सबसे अधिक 100 प्रतिशत शुल्क लगाया और कहा कि यह शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में अपना विनिर्माण संयंत्र 'निर्माण' कर रही हैं।




# लगन, ईमानदारी और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता से काम करें, सटीक सांख्यिकी विश्लेषण जरूरी



## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रोबेशनरी अफसरों से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) और केंद्रीय अभियंत्रण सेवा ( सीईएस) के प्रोबेशनरी अधिकारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से देश की सेवा में लगन, ईमानदारी और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ काम करने का आग्रह किया। भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सटीक सांख्यिकी विश्लेषण प्रभावी नीति निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आज के डेटा-संचालित युग में सांख्यिकी का महत्व काफी बढ़ गया है। अधिकारियों का कार्य सरकारी आंकड़ों को संकलित और विश्लेषित करना है ताकि देश की बढ़ती सूचना आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सटीक सांख्यिकी विश्लेषण प्रभावी नीति निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आज के डेटा-संचालित युग में सांख्यिकी का महत्व काफी बढ़ गया है।

### अधिकारियों को किया संबोधित, देश सेवा को प्राथमिकता दें



### कौशल और ज्ञान को आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति का इंजन बताया

भारतीय कौशल विकास सेवा के अधिकारियों से बातचीत में राष्ट्रपति ने कहा कि कौशल और ज्ञान आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति के इंजन हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत तकनीकी आधारित विकास की ओर बढ़ रहा है, युवाओं के लिए उन्नत तकनीकी कौशल अपनाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ISDS अधिकारी विशेषज्ञ कौशल प्रशासकों के रूप में उभरेंगे और भविष्य के तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

#### सीपीडब्ल्यूडी की पर्यावरण-परियोजनाओं को सराहा

### तकनीकी उन्नति में इंजीनियरों की भूमिका अहम

केंद्रीय अभियंत्रण सेवा के प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इंजीनियर तकनीकी उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और सरकार की बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को सफल बनाने में मदद करते हैं। उन्होंने सीपीडब्ल्यूडी और अन्य इंजीनियरिंग संगठनों से इन परियोजनाओं के लिए तकनीकी आधार सुनिश्चित करने के साथ-साथ टिकाऊ विकास पर ध्यान देने की अपील की। राष्ट्रपति ने सीपीडब्ल्यूडी की पर्यावरण-मैत्रीपूर्ण परियोजनाओं की सराहना भी की।


### सुझावों के माध्यम से नीति निर्माण में भी योगदान दें

राष्ट्रपति मुर्मू ने अधिकारियों को याद दिलाया कि वे केवल नीतियों को लागू करने वाले नहीं हैं, बल्कि अपने सुझावों के माध्यम से नीति निर्माण में भी योगदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका काम कमजोर और हाशिए पर रह रहे वर्गों के विकास पर सीधा असर डालता है, जो राष्ट्र की प्रगति की गति को तय करेगा। उन्होंने कहा कि लगन और ईमानदारी के साथ सेवा करके आप एक समृद्ध, सक्षम और समावेशी भारत बनाने में योगदान दे सकते हैं और हमारे देश को विश्व के सामने शक्ति और प्रगति का आदर्श बना सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, 8 लाख रु. ठगे

**लखनऊ।** साइबर जालसाज ने दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर बन बुजुर्ग को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। मनी लॉन्ड्रिंग का फर्जी आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी का डर दिखाया। 8 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने सआदतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि जिस खाते में रुपए भेजे गए, वह बेंगलुरु का है।



### पैसे देकर एथेनॉल पर भ्रामक खबरें फैला रहे

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण को लेकर अपने ऊपर लगे आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। गडकरी ने कहा यह उनके फैसलों से नाखुश एक शक्तिशाली आयात 'लॉबी' का काम है। अपनी तुलना एक 'फलदार पेड़' से करते हुए कहा कि मैं जवाब नहीं देता, क्योंकि यह खबर बन जाती है।



### दिल्ली भाजपा को मिल गया नया कार्यालय

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है। दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई।



### डॉक्टर ने 21वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक बहुमंजिला इमारत से कूदकर ट्रेनी डॉक्टर ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार की है। ट्रेनी डॉक्टर ने इमारत की 21वीं मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।घटना बिसरख थाना क्षेत्र के 14 एवेन्यू की है।



### 7वीं मंज़िल से गिरे 10 मजदूर, 2 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक आवासीय इमारत की छत से होर्डिंग लगाने के दौरान नीचे गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूर होर्डिंग लगाने का काम कर रहे थे। मजदूरों की संख्या कम से कम 10 थी,कुछ को हल्की चोटें हैं।



#### महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस ने तैयारी तेज की

# 70 सीटों पर नाम किए जा रहे तय, चुनावी रणनीति पर किया जा रहा निर्णायक मंथन




### 7 घंटे चली इस बैठक में सीटवार विस्तार से चर्चा की

पार्टी ने रविवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की

सहयोगी दलों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे साझा किए



कांग्रेस 40 सीटों पर प्रत्याशी तय करने के करीब पहुंची

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले ही पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों तेज कर दी है।पार्टी ने अपनी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक रविवार को की। 7 घंटे चली इस बैठक में सीट वार विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस करीब 40 सीटों पर प्रत्याशी तय करने के निकट पहुंच गई है। कांग्रेस मुख्यालय में बैठक में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रभारी सचिव सुशील पासी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, शकील अहमद खान और मदन मोहन झा और कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन अजय माकन ने की। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि बिहार में कांग्रेस एक साथ कई मुद्दों पर काम कर रही है। अभी सभी सीटों और उसके संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हो रही है। इसके अलावा जो सीटें हमें पहले मिली थी। उस पर किस तरह से चुनाव लड़ना है। इस पर चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। चुनावी तैयारियों और रणनीतियों को लेकर हम अपने सहयोगी दलों के साथ भी संपर्क में है। महत्वपूर्ण मुद्दे और रणनीतियां भी उनसे भी साझा कर रहे है।

### कांग्रेस बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही

इस बैठक में कहा जा रहा है कि कांग्रेस पिछले चुनावों से सीख लेते हुए इस बार ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वे रिपोर्ट के साथ जिला कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को भी आधार बनाया जा रहा है। पार्टी 70 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन की तैयारी कर रही है। क्योंकि यह वही 70 सीट है जो पार्टी के पिछले चुनाव में हिस्से आई थी। बिहार कांग्रेस नेता शकील अहमद खान का कहना कि बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है।

### इसलिए कर रही जल्दबाजी

अभी बिहार चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारा नहीं हुआ है। ऐसे में कांग्रेस अपने कोटे वाली 70 सीटों पर नजर बनाए है, क्योंकि घटक दलों के बीच सीट बदलने की संभावना कम है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में पार्टी की कोशिश नए चेहरों को मौका देने की हैं जबकि कुछ मौजूदा विधायकों की सीट भी बदली जा सकती है। पुरानी जीती हुई सीटों पर फिर से कैसे जीत हासिल कर सके इसके लिए भी रणनीति तैयार की जा रही है। 2020 चुनाव में कांग्रेस 70 में से सिर्फ 17 सीट जीतने में सफल रही थी जबकि 13 सीटों पर 10 हजार से कम वोटों के अंतर से पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था।

**बिहार में भाजपा का बड़ा फैसला**

### 19 नेताओं की बनाई खास टीम, महाराष्ट्र के भी नेता शामिल

बिहार चुनाव के मद्देनजर भाजपा कमर कस रही है। भाजपा ने मेनिफेस्टो कमेटी के गठन के बाद अब प्रदेश चुनाव समिति भी स्थापित कर दी है। इसमें 15 नेताओं को जगह दी है जबकि पदेन सदस्य के रूप में एक, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में 3 लोगों को शामिल किया है। 19 नेताओं की टीम तय की गई है, जो प्रदेश चुनाव समिति के रूप में विधानसभा चुनावों के लिए काम करेगी। प्रदेश चुनाव समिति में डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राधा मोहन सिंह, गिरिराज सिंह, नंदकिशोर यादव हैं।



#### 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति भी बनाई

चुनाव प्रचार की तैयारियों के लिए भाजपा ने एक 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति भी बनाई है। इस समिति में केंद्रीय और राज्य स्तरीय मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद और संगठन के सीनियर नेता भी शामिल हैं। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल करेंगे। समिति का गठन करते समय सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन का खास ध्यान रखा गया है।इस समिति का मुख्य कर्तव्य प्रचार अभियान की रणनीति बनाना और उसे बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से लागू कराना है। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व से आने वाले बड़े नेताओं के बिहार दौरे और प्रचार का समन्वय भी यही समिति करेगी।

**ये नेता विशेष तौर पर आमंत्रित**

पदेन सदस्य के तहत धर्मशिला गुप्ता को जगह मिली है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विनोद तावड़े, दीपक प्रकाश और नागेन्द्र जी का नाम शमिल है।

#### खेड़ा ने भाजपा-संघ पर साधा निशाना

# वैचारिक लड़ाई हारने वाले राहुल को चुप कराने लगे

वोट चोरी पकड़ी गई तो आवाज दबा रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक पूर्व नेता की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला तेज कर दिया। पार्टी ने कहा कि जो लोग वैचारिक लड़ाई हार रहे हैं और जिनकी (वोट) चोरी पकड़ी जा चुकी है, वे अब विपक्ष के नेता की आवाज को दबाने की साजिश रच रहे हैं। प्रिंटू महादेव की राहुलको धमकी एक खौफनाक और घिनौनी साजिश है। महादेव एबीवीपी के पूर्व राज्य अध्यक्ष हैं। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा के एक प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि राहुल के सीने में गोली मारी जाएगी और अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### कांग्रेस हिंसा का सहारा नहीं लेने देगी

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ऐसे लोगों को हिंसा का सहारा नहीं लेने देगी। खेड़ा ने यह भी दावा किया कि देश जानता है कि साजिश कौन रच रहा है और क्यों? खेड़ा ने एक्स में लिखा, हर बार जब आरएसएस भारत की विचारधारा को हराने में विफल होता है, तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक हिंसा पर उतर आते हैं और कोई न कोई गोडसे गांधी को मार देता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को एक पत्र लिखा और उसे लीक कर दिया। तो फिर उनकी सुरक्षा को राजनीतिक रंग क्यों दिया जा रहा है और ऐसा माहौल क्यों बनाया जा रहा है? खेड़ा ने कहा कि इस पूरी घटना से साजिश की बू आ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ये साजिश रच कौन रहा है?

### अब भाजपा का समय खत्म हो गया

उन्होंने कहा, ये वही लोग हैं, जिनके पास जवाब देने के लिए कोई विचार नहीं है। अब यह साजिश उगाकर होनी चाहिए। पहले तो आपने राहुल को गोलियों से चुप कराने की कोशिश की और अब आप उन्हें गोलियों से डराने की धमकी दे रहे हैं। खेड़ा ने कहा कि भाजपा यह बर्दाश्त नहीं कर पा रही है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग राहुल की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपकी चोरी रंगे हाथों पकड़ी गई है। अब आपको समझ आ गया है कि आपका समय खत्म हो गया है।

#### उत्तराखंड में पेपर लीक मामला

# सीबीआई जांच की 'स्वीकृति' छात्रों पर दर्ज केस होंगे वापस

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले में युवाओं का धरना जारी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी युवाओं के बीच पहुंचे। उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। इससे पहले जिलाधिकारी और एसएसपी ने युवाओं से बात की थी। लेकिन युवा सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे। आठवें दिन आखिरकार सीएम धामी मौके पर पहुंचे और हर कार्रवाई के बारे में युवाओं को बताया है।



### 4 हो चुके निलंबित


सीएम ने युवाओं की मांग पर हामी भरी। उन्होंने युवाओं से कहा कि परीक्षा देने वाले छात्रों पर जो भी मुकदमे हैं वो वापस लिए जाएंगे। इसके लिए उन्हें नाम की लिस्ट दे दी जाए। इस मामले में सरकार सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन समेत दरोगा व सिपाही को निलंबित कर चुकी है।

#### एनआरसी लागू करने की हो रही कोशिश

# केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव किया पारित

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल विधानसभा ने सोमवार को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में चुनाव आयोग से मतदाता सूची का पुनरीक्षण पारदर्शी तरीके से करने की अपील की गई है। सीएम पिनाराई विजयन ने प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने भी विजयन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया।



### जल्दबाजी में किया जा रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने एसआईआर को लागू करने चुनाव आयोग द्वारा जल्दबाजी में उठाए गए कदमों को लेकर चिंता जाहिर की और गलत मंशा होने की आशंका जाहिर की। सीएम ने कहा कि आयोग एसआईआर के जरिए पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहा है। बिहार में लोगों को मतदाता सूची से अतार्किक तरीके से बाहर किया गया।

#### उत्तरप्रदेश के बाद 'आई लव मोहम्मद' को लेकर महाराष्ट्र में तनाव

# आपत्तिजनक रंगोली पर बढ़ा विवाद, पुलिस ने भांजी लाठियां, 30 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ अहिल्यानगर

यहां 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद कम से कम 30 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार किसी ने नवरात्रि के दौरान मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक रंगोली बनाई थी। इसके बाद समुदाय के लोग शिकायत करने पुलिस स्टेशन पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद रंगोली को बनाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, लेकिन समूह ने तोफखाना पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत कोटला में विरोध प्रदर्शन किया।



### पुलिस पर कर दिया पथराव

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन खत्म करने के लिए मनाने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसमें कुछ वाहनों को नुकसान हुआ है। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई।

**सभी को अपने धर्म का पालन करने का हक: फडणवीस**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि हमें देखना होगा कि क्या इसके पीछे कोई साजिश है। हमें यह भी देखना होगा कि कौन सामाजिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सभी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है,

#### करूर भगदड़ में पुलिस एफआईआर से बड़ा खुलासा

# जान-बूझकर किया ताकत का प्रदर्शन, देरी भी बनी बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶ करूर

तमिलनाडु के करूर में एक्टर और टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ ने 41 लोगों की जान ले ली, जिनमें 18 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने अपनी एफआईआर में इस घटना को विजय का जान-बूझकर किया गया ताकत का प्रदर्शन बताया है। मामले के अनुसार रैली सुबह 9 बजे शुरू होनी थी और दोपहर तक बड़ी भीड़ जुट गई थी। विजय का भाषण दोपहर 12 बजे होना था, लेकिन वे रात 7 बजे पहुंचे। पुलिस का कहना है कि उनकी देरी से भीड़ में बेचैनी और अफरा-तफरी फैल गई।

### 12 बजे की जगह रात 7 बजे पहुंचे, भीड़ में मची अफरा-तफरी

### मचा राजनीतिक घमासान, सीबीआई जांच की मांग



पुलिस ने दावा किया कि खाने-पीने और सुरक्षा के इंतजामों की कमी की चेतावनी दी गई थी, लेकिन पार्टी नेताओं ने इसे नजरअंदाज कर दिया। घटना के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया। सत्तारूढ़ डीएमके और विजय की पार्टी टीवीके आमने-सामने हैं। टीवीके ने इसे साजिश बताया और मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

**छत गिरने से लोगों की हो गई मौत**

पुलिस ने बताया कि विजय का प्रचार बस कई जगहों पर बिना इजाजत रुकी, जिससे यह एक तरह का अनियोजित रोड शो बन गया। इस बीच टीवीके कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और एक शेड की टिन की छत पर चढ़ गए। छत गिरने से कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

#### एडीजीपी ने कहा

### आयोजकों ने नहीं मानी बात गाड़ी के साथ चलने लगे लोग

घटना पपर एडीजीपी ने कहा नमक्कल में प्रचार में देरी होने के कारण विजय शाम 6 बजे तक ही स्थल पर पहुंच पाए। भीड़ तेजी से बढ़ने लगी और लोग उन्हें देखने के लिए इकट्ठा होने लगे। हर कोई अपने नेता को देखना चाहता था और वे गाड़ी की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोजकों से कम लोगों वाले क्षेत्र में भाषण देने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा विजय की बस के अंदर रोशनी नहीं थी, इसलिए भीड़ उसे देख नहीं पाई और बस के साथ-साथ चलने लगी।

#### डुसू के पूर्व अध्यक्ष को धमकीभरा कॉल

# 5 करोड़ देने की करो तैयारी वरना हम जान से मार देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन (डुसू) के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री को जान से मारने की धमकी मिली है। ये धमकी वॉट्सएप कॉल और चैट के माध्यम से मिली है। एनएसयूआई नेता खत्री को अज्ञात नंबर से धमकी भरा वॉट्सएप पर मैसेज आया है। इसमें कहा गया कि 5 करोड़ दो वरना गोली मार देंगे।



### कब तक नहीं उठाएगा मेरा फोन

धमकी भरे मैसेज में कहा गया कि रोहित गोदारा बोल रहा हूं। तेरी नेतागीरी अब खत्म हो गई है। कब तक तू हमारा फोन नहीं उठाएगा। गोली देख अब कैसे आएगी? अब गोली ही हमारी बात का जवाब देगी। 5 करोड़ से नीचे से कम में हमारे पास कोई समझौता नहीं है। जिस नंबर से वॉट्सएप पर मैसेज आया वो प्लस 380 कंट्री कोड से जो यूक्रेन का कोड है, जबकि रोहित गोदारा पुर्तगाल में है। वह प्लस 351 नंबर इस्तेमाल करता है।

जबलपुर
मंगलवार, 30 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 20, अंक : 154
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### मूडीजः भारत की रेटिंग बीएए 3 पर बरकरार

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और



स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती। इसके साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग को भी पी-3 पर कायम रखा।

### हाईवे पर ई-रिक्शा पलटा, 6 घायल


**निवाड़ी।** झांसी-खजुराहो हाईवे पर सोमवार दोपहर एक ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में छह लोग



घायल हो गए। इनमें से निवाड़ी की तीन महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा दोपहर करीब 2 बजे झांसी-खजुराहो हाईवे पर कप्तान ढाबा के पास हुआ। रिक्शा एक महिला चालक चला रही थी।

### हाइवे पर पलटा कैंटर 47 श्रद्धालु घायल

**भिंड।** गोहद चौराहा थाना अंतर्गत भिंड के भागमल का पुरा (चरथर) से नरवर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी



गाड़ी रविवार को ग्राम छीमका के पास हादसे का शिकार हो गई। गाड़ी रास्ते में अचानक सड़क पर आई गाय से टकराई और अनियंत्रित होकर पलट गई। यूपी नंबर की कैंटर में 70 से 80 लोग सवार थे। घटना में लगभग 47 लोग घायल हो गए। घायलों में 30 लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए गोहद में भर्ती कराया गया है।

### मानहानि केस में कंगना को झटका

**बठिंडा।** हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद एवं एक्ट्रेस कंगना रनोट को पंजाब की बठिंडा कोर्ट



से झटका लगा है। कोर्ट ने किसान आंदोलन में की टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि केस में वीसी के जरिए पेशी की याचिका खारिज कर दी है। अब कंगना को 27 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा। कुछ दिन पहले कोर्ट ने कंगना को कोर्ट में पेश होने के लिए समन भेजा था। सुप्रीम कोर्ट ने भी कंगना को राहत देने से इनकार कर दिया था।

---

मप्र के हर चौथे बच्चे को की जा रही है आरटीई के तहत फीस की प्रतिपूर्ति, दो साल से रूकी हुई थी राशि

# 20,652 निजी स्कूलों को आरटीई की क्षतिपूर्ति में 489 करोड़ रु. दिए



सीएम डॉ. यादव ने कहा इससे 8.45 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे

*सीएम ने कहा कि सरकार ने प्रदेश भर में सांदीपनि स्कूलों की स्थापना की है। छात्रों को स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जा रही है*

स्कूली बच्चों को अगले सत्र से उपलब्ध कराई जाएंगी पाठ्यपुस्तकें और बैग



हरदा जिले के खिरकिया में विकास कार्यों की दी सौगातें

दो स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति की राशि के सांकेतिक चेक भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

मप्र के 20,652 प्राइवेट स्कूलों को पिछले दो साल से रूके आरटीई से लाभान्वित 8.45 लाख विद्यार्थियों का 489 करोड़ रुपए की फीस प्रतिपूर्ति की राशि दे दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के हर चौथे बच्चे को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने की फीस दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बच्चों के भविष्य के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) से लाभान्वित निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को अगले सत्र से पाठ्यपुस्तकें और बैग भी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को हरदा जिले के खिरकिया में आरटीई के तहत निजी स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान शांति निकेतन हायर सेकंड्री स्कूल छीपाबड को 62 निःशुल्क प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 4 लाख एक हजार 593 रुपए और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खिरकिया को 59 निःशुल्क प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 3 लाख 61 हजार 979 रुपए के सांकेतिक चेक वितरित किए।

### 70 प्रतिशत विद्यार्थी किसान परिवार से

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के माध्यम से निजी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों में 70 प्रतिशत विद्यार्थी किसान परिवार से आते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के लिए भावांतर योजना शुरू की है। उनके नेतृत्व में मप्र विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि जितने स्कूली बच्चों के आरटीई शिक्षा के लिए निजी स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि दी गई है, उनमें से 70 फीसदी किसानों के बच्चें हैं।

### गरीब परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही

केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा, सुशासन, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार और पारदर्शिता को प्रोत्साहित किया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम समाज के कमजोर वर्ग के लिए वरदान की तरह है। इस योजना से गरीब परिवार के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। राज्य सरकार गरीब और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह देश और समाज की प्रगति का मार्ग है। शासकीय स्कूलों में अच्छे भवन बने हैं। बच्चों को पौष्टिक मध्यान भोजन मिल रहा है और उन्हें हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

---

कृत्रिम ध्वनि से पैदल यात्री होंगे अलर्ट

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों में लगेगा अब साउंड अलर्ट सिस्टम

एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बड़ा कदम उठाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार चाहती है कि 1 अक्तूबर 2027 से सभी इलेक्ट्रिक कारों, बसों और ट्रकों में साउंड अलर्ट सिस्टम यानी एकॉस्टिक व्हीकल अलर्टिंग सिस्टम (एवीएएस) अनिवार्य कर दिया जाए। मंत्रालय ने एक मसौदा अधिसूचना जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि अक्टूबर 2026 के बाद बनने वाले इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों और मालवाहक वाहनों के सभी नए मॉडल एवीएएस फीचर से लैस होने चाहिए। यह एक सुरक्षा फीचर है जिसके जरिए इलेक्ट्रिक गाड़ियां एक कृत्रिम ध्वनि निकालेंगी, जिससे पैदल चलने वालों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं को उनकी मौजूदगी का पता चल सके। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के कई देशों ने पहले ही हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक गाड़ियों में इस तरह का साउंड अलर्ट सिस्टम अनिवार्य कर दिया है। भारत में भी अब यही कदम उठाने की तैयारी है। ताकि सड़क पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की चुपचाप मौजूदगी से होने वाले हादसों को रोका जा सके।

▪ दुनिया में पहले से लागू है यह सिस्टम

---

भारतीय वैज्ञानिकों की अनोखी खोज

# जूतों की बदबू पर रिसर्च से मिला आईजी नोबेल पुरस्कार

*पसीने से गीले जूतों में कायटोकोकस सेडेनटेरियस नाम का बैक्टीरिया बदबू पैदा करता है*



एजेंसी ▶▶|नई दिल्ली

भारत के शोधकर्ताओं ने एक आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या, बदबूदार जूतों पर वैज्ञानिक रिसर्च की और इसके लिए उन्हें आईजी नोबेल प्राइज 2025 से सम्मानित किया गया। शिव नादर यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर विकाश कुमार और उनके पूर्व छात्र सार्थक मित्तल ने यह साबित किया कि जूतों में बदबू का असली कारण जगह की कमी नहीं, बल्कि उनमें पनपने वाले बैक्टीरिया हैं।

### *क्या हैं आईजी नोबेल प्राइज?*

*यह पुरस्कार हर साल ऐसे शोध को दिया जाता है जो पहले लोगों को हंसाता है और फिर सोचने पर मजबूर करता है। इसका मकसद विज्ञान की मजेदार और रचनात्मक साइड को दुनिया के सामने लाना है। आईजी नोबेल पुरस्कार 1991 में विज्ञान हास्य पत्रिका अनल्स ऑफ इंप्रोबेबल रिसर्च द्वारा शुरू किए गए थे। समारोह हर साल बोस्टन में आयोजित होता है और इसमें पेपर एयरप्लेन, मिनी-ओपेरा और असली नोबेल विजेताओं द्वारा पुरस्कार वितरण जैसी मजेदार रस्में होती हैं। जापान के वैज्ञानिकों को गायों को पेंट कर मक्खियों से बचाने का समाधान खोजने पर सम्मान मिला।*

---

# मौत की चट्टानः फॉरचून स्टोन कंपनी की लापरवाही ने ली मासूम सोनम की जान

## कंपनी ने शुरू किया रफा-दफा का खेल — प्रशासन भी खामोश

**लवकुशनगर।**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार यह संदेश देते आए हैं कि विकास कार्य नियमों के अनुसार हों और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने पहले भी ऐसे हादसों पर अधिकारियों को चेताया है, लेकिन इसके बावजूद कंपनियां पैसों और रसूख के दम पर मुख्यमंत्री की मंशा पर पानी फेर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण कटहरा गांव की फॉरचून स्टोन प्राइवेट लिमिटेड की ग्रेनाइट खदान है, जो एक बार फिर मौत का गढ़ साबित हुई। सोमवार को हुई दर्दनाक घटना में 14 वर्षीय सोनम की मौत हो गई, जबकि उसकी 11 वर्षीय बहन खुशबू गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी से जूझ रही है। दोनों मासूम बकरियां चराने खेत की ओर गई थीं, तभी अचानक खदान में जमा विशाल चट्टान खिसक गई और उन पर जा गिरी। सोनम की मौके पर ही मौत हो गई।



गरीब की बेटी दफन हुई पत्थरों के नीचे

### हादसे के बाद कंपनी का असली चेहरा

ग्रामीणों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद खदान संचालक और उसके सहयोगियों ने मामले को दबाने की कोशिश की। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन अक्सर दावा करता है कि वह अधिकारियों तक अपनी पहुंच और प्रभाव के कारण कार्रवाई से बच जाता है। उल्लेखनीय है कि कटहरा की इस खदान में इससे पहले भी हादसे हो चुके हैं, जिनमें मजदूरों और ग्रामीणों की जानें गई हैं। लेकिन हर बार कंपनी प्रशासनिक उदासीनता और अपनी आर्थिक ताकत के सहारे दंड से बच निकलती रही है।

### प्रशासन और विभागों की मिलीभगत

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले में अब तक खामोश क्यों हैं? ग्रामीणों का कहना है कि खदान संचालक ने लीज से कहीं अधिक क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर कई एकड़ वनभूमि पर कब्जा कर रखा है। नतीजतन जंगल की जमीन धीरे-धीरे खोखली होती जा रही है, लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान क्षेत्र में खुलेआम नियमों को तोड़ा जा रहा है, सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और लोगों की जान खतरे में डाली जा रही है।वन विभाग और खनिज विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी खामोश बने रहे। यहां तक कि जब हादसों में निर्दोष लोगों की जान चली जाती है, तब भी विभागीय जांच केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। इससे यह धारणा और गहरी हो रही है कि जिम्मेदार अधिकारी कंपनी को बचाने के लिए ही सक्रिय रहते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि प्रशासन और विभागों की यह चुप्पी कहीं न कहीं कंपनी और अधिकारियों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

### सवालों के घेरे में सिस्टम

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सोनम की मौत भी चुप्पी और समझौते के अंधेरे में गुम हो जाएगी, जैसे पहले हुई मौतें गुम हो गई थीं?

क्या प्रशासन और विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहकर गरीबों की लाशों पर कंपनियों की मुनाफाखोरी को खुला छोड़ते रहेंगे? अगर हर हादसे के बाद जिम्मेदार अफसर कंपनी के बचाव में बयान देते रहेंगे तो फिर न्याय की उम्मीद किससे की जाए?ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक जंगलों को खोखला कर और इंसानी जिंदगियां निगलने वाली यह मौत की खदान चालू रहेगी। सवाल यह भी है कि आखिर कब तक आम लोगों की जिंदगी पत्थरों के ढेर के नीचे कुचली जाती रहेगी और कब तक जिम्मेदार लोग अपनी खामोशी से इस खून-खराबे के हिस्सेदार बने रहेंगे?

---

विश्व हृदय दिवस के दिन ही खरगोन में हादसा

# गरबा खेलते-खेलते महिला की हार्टअटैक से हुई मौत पति के साथ डांस कर रही थी, झांकी के सामने गिरी

लोग सोनम के गिरने को पहले मजाक समझकर हंस रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|खरगोन

29 सितंबर को देश दुनिया भर में विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा था। जिसमें हृदय रोग से बचने के लिए तरीके बताए जा रहे थे। इसी बीच खरगोन में दुर्गा पंडाल में गरबा कर रही एक महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ 'ओ मेरे ढोलना' गाने पर डांस कर रही थी, तभी झांकी के सामने गिरी और दम तोड़ दिया। घटना खरगोन जिले के भीकनगांव क्षेत्र के ग्राम पलासी की रविवार रात की है। इसका वीडियो सोमवार सुबह सामने आया। सोनम (19) अपने पति कृष्णपाल के साथ सिंगाजी मंदिर पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने गरबा कर रही थी।

### इसी साल हुई थी उसकी शादी



*सोनम की शादी इसी वर्ष मई में कृष्णपाल से हुई थी। पहले पंडाल में मौजूद लोग सोनम के गिरने की घटना को समझते हुए मुंह पर हाथ रखकर हंस रहे थे। जब सोनम नहीं उठी तो हड़कंप मच गया। कृष्णपाल ने उसे उठाने का प्रयास किया, जब नहीं उठी तो बाकी लोग भी आ गए, लेकिन तब तक सोनम की मौत हो चुकी थी। परिजन ने गांव के एक डॉक्टर को बुलाया, जिसने सोनम को मृत घोषित कर दिया। इधर, सामान्य मौत होने के चलते परिवार ने महिला का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया। सोमवार सुबह गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया।*

### रतलाम में गरबा पंडाल में करंट, 5 साल के बच्चे की मौत, आयोजकों पर केस

**रतलाम।** यहां गरबा पंडाल के स्वागत गेट पर करंट लगने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। वह खेलते-खेलते वहां पहुंचा था। पाइप को छूते ही करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना अर्जुन नगर में रविवार शाम की है। यहां ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रोज गरबा रास का आयोजन हो रहा है। मृतक बच्चे का नाम हसन पिता अजहर शाह (5) है। देर रात 5 गरबा आयोजकों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।




# सहेली





विशेषः विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



## समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भावः** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



### सम्मान और मर्यादित बर्ताव

रावण के अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।



**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेशः** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाजः** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए। a

## बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-


**कहानी के माध्यम से बताएंः** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएंः** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीकेः** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे। a



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिएः** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।



**सफेद बालः** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है। a

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

## परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।



**अपनों के साथ को तरसतेः** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।

**बदलती जीवनशैली का प्रभावः** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरणः** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्वः** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।' a

### समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।



### भारत ने 10,000 करोड़ की सहायता देने का वादा किया

# भारत और भूटान के बीच दो नई रेल लाइन पर बनी सहमति, 4033 करोड़ रु.होंगे खर्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आने वाले दिनों में भारत और भूटान के बीच ट्रेन सेवा शुरू होगी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क स्थापित करने के लिए नई पहल की घोषणा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिसरी ने कहा, भारत और भूटान के बीच रेल संपर्क स्थापित करने के लिए एक बड़ी नई पहल है। विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि भारत और भूटान के बीच जिन संपर्कों पर काम चल रहा है, वे माल और यात्री आवाजाही बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

इसलिए दोनों सरकारें बानरहाट (बंगाल) और समत्से (भूटान) तथा कोकराझार (असम) और गेलेफू (भूटान) के बीच सीमा-पार दो रेल लाइन बिछाने पर सहमत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह भूटान के साथ रेल संपर्क परियोजनाओं का पहला सेट होगा। इस संपर्क के लिए समझौता ज्ञापन पर वास्तव में प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे, जिसका मैंने कुछ समय पहले उल्लेख किया था, जो पिछले वर्ष हुई थी। इस समझौता ज्ञापन पर आज नई दिल्ली में भूटानी विदेश सचिव की नई दिल्ली यात्रा के अवसर पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे।

*भारत और भूटान के बीच दो रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा*

*इससे भूटान के दो प्रमुख शहर गेलेफू और समत्से जाना आसान होगा*




## भूटान के विकास में साथ दे रहा भारत

वहीं, मिसरी ने कहा, भारत और भूटान असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ का रिश्ता साझा करते हैं। यह एक ऐसा रिश्ता है जो सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों, लोगों के बीच व्यापक संबंधों और हमारे साझा विकासात्मक एवं सुरक्षा हितों पर आधारित है। उन्होंने कहा, ये संबंध उच्चतम स्तरों पर अत्यंत घनिष्ठ संपर्क में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2024 में भूटान का दौरा किया था, तो उन्हें ऑर्डर ऑफ द ड्रुक याल्पो से सम्मानित किया गया था, जो भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। भूटान के विकास में भारत की भूमिका पर मिसरी ने कहा, भारत भूटान को विकास सहायता प्रदान करने वाला सबसे बड़ा देश रहा है और इसने इसके आधुनिकीकरण, विशेष रूप से बुनियादी ढाँचे और देश के समग्र आर्थिक विकास के क्षेत्रों में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश सचिव ने कहा कि भूटान की पंचवर्षीय योजना (2024 से 2029 तक) के लिए भारत सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये की सहायता देने का वादा किया है, जिसमें परियोजनाओं में सहायता, उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाएं, आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम और कार्यक्रम अनुदान शामिल हैं। यह राशि 12वीं पंचवर्षीय योजना की तुलना में 100% अधिक है।

### भारत-भूटान रेल संपर्क

- कोकराझार (भारत)-गेलेफू (भूटान) नई लाइन
- 69 किलोमीटर लंबाई, स्टेशन 6, महत्वपूर्ण पुल 2, पुल 2, बड़े पुल 29, छोटे पुल 65, गुड्सशेड 2, सड़क ऊपरी पुल 1 और रोड अंडर ब्रिज 39 विकसित किए जाएंगे। इसका निर्माण 4 वर्षों में किया जाएगा।
- बानरहाट (भारत)-समत्से (भूटान) नई लाइन
- 20 किलोमीटर लंबाई, स्टेशन 2, बड़े पुल 1, छोटे पुल 24, सड़क ऊपरी पुल 1 और सड़क के नीचे पुल 37 बनाए जाएंगे। निर्माण की समय-सीमा 3 वर्ष है।

**बेहतर रिश्ते**

## भारत का व्यापारिक साझेदार है भूटान

भारत-भूटान के बीच रेल लिंक परियोजना पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना भूटान के दो महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ रही है। एक गेलेफू है, जिसे एक माइंडफुलनेस शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। दूसरा, समत्से, जो एक औद्योगिक शहर है। ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के कोकराझार और बनारहाट नेटवर्क से शुरू होंगी। इस समय अनुमानित निवेश लगभग 4033 करोड़ रुपए है, और कुल लंबाई लगभग 90 किलोमीटर है। 89 किलोमीटर का रेलवे नेटवर्क बनाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भूटान का अधिकांश मुक्त व्यापार भारतीय बंदरगाहों के माध्यम से होता है। इसलिए, भूटान की अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों की वैश्विक नेटवर्क तक बेहतर पहुंच के लिए एक अच्छा, निर्बाध रेल संपर्क होना बहुत जरूरी है, इसीलिए यह पूरी परियोजना शुरू की गई है।

## पुलिस को चकमा देने 40 दिन में 13 होटल बदले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती की चौंकाने वाली हरकतें सामने आई हैं। जांच में खुलासा हुआ कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए 40 दिनों में 13 होटल बदल चुका था और मथुरा-वृंदावन के साधुओं के आश्रमों में शरण लेता रहा। जुलाई में विदेश में रहने के बाद चैतन्यानंद 6 अगस्त 2025 को भारत लौटा। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार था और आगरा से पकड़ा गया था।




### नेपाल के बाद पेरू में जेन जेड प्रदर्शन

# भ्रष्टाचार और पेंशन को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों लोग

एजेंसी ▶▶ लीमा

नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन जेड भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितंबर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई।




पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया। दरअसल, ये विरोध 20 सितंबर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल मॉडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पेरू के युवा शनिवार से राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के खिलाफ फिर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनों से राजधानी लीमा सबसे ज्यादा प्रभावित है। इस दौरान पुलिस के साथ हुई झड़पों में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी, घायल हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### नथिंग करेंगी 10 करोड़ डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने घोषणा की है कि पूर्व में एक उप ब्रांड- सीएमएफ एक स्वतंत्र अनुषंगी के तौर पर परिचालन करेगी और भारत इसके परिचालन, अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के लिए आधार बनेगा। भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के लिए नथिंग के समर्थन को बल प्रदान करता है। इस संयुक्त उपक्रम के तहत नथिंग और ऑप्टिमस अगले तीन वर्षों में भारत में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेंगी।

### सनस्काई का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** सनस्काई लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने अपना आईपीओ 30 सितंबर 2025 को खोलने की घोषणा है। कंपनी का लक्ष्य 1,683.60 लाख रुपए जुटाने का है और शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू साइज 36,60,000 इक्विटी शेयर का है, प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपए और आईपीओ प्राइस 46 रुपए प्रति शेयर है। यह इश्यू शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 को बंद होगा।

### क्रोमा में इलेक्ट्रॉनिक्स पर 35 फीसदी की छूट

**मुंबई।** क्रोमा ने वार्षिक उत्सव अभियान फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स के साथ त्योहारी मौसम की शुरुआत 35 फीसदी की छूट के साथ की है। ग्राहक स्मार्टफोन, टीवी, वाशिंग मशीन, लैपटॉप और रेफ्रिजरेटर पर स्टोर पर और ऑनलाइन, कैशबैक, ईएमआई और एक्सचेंज लाभों का भी लाभ उठा सकते हैं। हाल ही में घोषित जीएसटी सुधार के मद्देनज़र नए टीवी और एयर कंडीशनर पर 10 फीसदी की अतिरिक्त बचत, घरेलू उपकरण खरीदना फायदेमंद हो गया है।

### आरकेसीपीएल ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई।** आरकेसीपीएल लिमिटेड ने कंपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए कुल 12,500 मिलियन रुपए (1,250 करोड़ रुपए) तक की धनराशि जुटाने की योजना बना रही है। इस पूरी पेशकश का आकार इक्विटी शेयरों के नए इश्यू के ज़रिए 7,000 मिलियन रुपए और बिक्री के लिए पेश किए गए इक्विटी शेयरों (ऑफर फॉर सेल) के जरिए 550 करोड़ रुपए है।

### याचिका पर होगी 14 अक्टूबर को सुनवाई

# सहारा समूह की संपत्ति अडाणी प्रॉपर्टीज को 'बेचने' की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने महाराष्ट्र में एंबी वैली और लखनऊ में सहारा शहर समेत विभिन्न संपत्तियों को अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाल ही में दाखिल इस याचिका पर संभवतः 14 अक्तूबर को सुनवाई होगी। अधिवक्ता गौतम अवस्थी की ओर से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट से सहारा समूह की संपत्तियों को बेचने की अनुमति मांगी गई है। समूह की संपत्तियों को 6 सितंबर, 2025 की टर्म शीट में निर्धारित नियमों और शर्तों पर अडाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की मंजूरी देने की अपील की गई है। बयान में कहा गया है कि कुल 24,030 करोड़ रु. की मूल राशि में से सहारा समूह ने अपनी चल और अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन (लिक्विडेशन) के जरिए लगभग 16,000 करोड़ रु. की राशि जुटाई और उसे सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा कर दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट से मांगी गई मंजूरी**




### सेबी ने हाथ खड़े कर दिए थे

*प्रतिष्ठित एस्टेट ब्रोकरेज कंपनियों की सेवाएं लेने के बावजूद सहारा समूह की परिसंपत्तियों को बेचने या बेचने में भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) की असमर्थता की ओर इशारा करते हुए एसआईसीसीएल ने कहा कि सेबी-सहारा रिफंड खाते में जमा की गई पूरी धनराशि आवेदक और सहारा समूह के प्रयासों से और बड़ी कठिनाई से जमा की गई थी।*

# स्मार्ट बाज़ार की त्यौहार रेडी सेल 1 से 5 अक्टूबर तक

मुंबई। भारत के सबसे बड़े हाइपरमार्केट फॉर्मेट में से एक, स्मार्ट बाजार, बेजोड़ जश्न और मूल्य के साथ त्योहारी सीज़न का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बहुप्रतीक्षित त्योहार रेडी सेल 1 से 5 अक्टूबर 2025 तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को सबसे विस्तृत रेंज, बेहतरीन डील्स और सबसे कम दामों पर अपने त्योहारों को खास बनाने के लिए ज़रूरी हर चीज़ की एक बेजोड़ रेंज मिलेगी।

भारत में त्योहारी सीज़न आनंद, खरीदारी और उपहार देने का पर्याय है। इसी भावना को समझते हुए, स्मार्ट बाज़ार ने अपने ग्राहकों के लिए एक वन-स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन तैयार किया है। त्योहार रेडी सेल, फैशन और घर की सजावट से लेकर उपहार, किराने का सामान और घरेलू सामान तक, त्यौहारों की ज़रूरी चीज़ों पर असाधारण मूल्य प्रदान करने का वादा करता है - यह सुनिश्चित करते हुए कि हर खरीदार ज़्यादा जश्न मना सके, ज़्यादा बचत कर सके और हर पल को और भी ख़ास बना सके।इस अभियान पर प्रकाश डालते हुए, रिलायंस रिटेल - वैल्यू फॉर्मेट के सीईओ दामोदर मल्ल ने कहा: "हमारे सभी त्यौहार प्राकृतिक उपभोग के अवसर हैं और इसलिए हमारे ग्राहक स्मार्ट बाज़ार से अपेक्षा करते हैं कि वह उनके त्यौहारों के लिए हर चीज़ बेजोड़ कीमतों पर उपलब्ध कराए। त्यौहार रेडी सेल के साथ, हमारे स्टोर हमारे समुदाय के सभी स्मार्ट परिवार के साथ जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' आकर्षक ऑफर्स के साथ, स्मार्ट बाज़ार यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक सबसे कम बजट में सबसे बड़ी बचत का आनंद ले सकें, जिससे त्योहारों की खरीदारी न केवल शानदार, बल्कि और भी फायदेमंद हो जाती है। त्यौहार रेडी सेल, त्योहारों के दौरान भारतीय खरीदारों के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बनने की स्मार्ट बाज़ार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत भर में 950 से ज़्यादा स्टोर्स के साथ, हाइपरमार्केट का स्वरूप लगातार रोज़मर्रा की ज़रूरी चीज़ों और त्योहारों की ज़रूरतों को सबसे कम कीमतों पर सुलभ बनाने पर केंद्रित रहा है। इस अक्टूबर, स्मार्ट बाज़ार देश भर के परिवारों को अपने नज़दीकी स्टोर में आने और पहले कभी न देखी गई खरीदारी का शानदार अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। अपने कैलेंडर पर 1 से 5 अक्टूबर तक निशान लगाएँ और स्मार्ट बाज़ार के साथ त्यौहार रेडी हो जाएँ!




# नीति और नियमों में सुधार हो तो 30 हजार करोड़ के बीज उद्योग में 800 करोड़ की वार्षिक वृद्धि संभव : फेडरेशन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अगर नीति और नियमों में व्यापक सुधार किया जाए, तो भारत के 30 रुपए करोड़ रुपए के बीज उद्योग से सालाना 800 करोड़ रुपये से ज्यादा अतिरिक्त आर्थिक मूल्य पैदा किया जा सकता है। इससे किसानों तक बेहतर किस्में जल्दी पहुंचेंगी और भारत का वैश्विक बीज व्यापार में हिस्सा लगभग 1 फीसदी से बढ़कर 2035 तक 10 फीसदी तक पहुंच सकता है, ऐसा फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया की एक नई रिपोर्ट ने बताया।

भारतीय बीज उद्योग में व्यापार करने में आसानी, समग्र नीतिगत सुधारों के माध्यम से विकास को गति देना नामक इस रिपोर्ट को फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया की 9वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन के दौरान लांच किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक अगर नियमों को आसान बनाया जाए तो भारत की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। इन सुधारों से एक औसत बीज कंपनी हर साल 3-5 नई किस्में पेश कर सकती है, अनुसंधान और विकास में ज्यादा निवेश कर सकती है और किसानों तक नई तकनीक जल्दी पहुंचा सकती है।



### सरकार कर रही सभी चुनौतियों को दूर करने की दिशा में काम : अजीत

*कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (बीज) अजीत के. साहू ने कहाकि सरकार बीज क्षेत्र की वृद्धि के लिए सभी चुनौतियों को दूर करने की दिशा में काम कर रही है। साथी जैसी पहल बीजों की ट्रेसबिलिटी को और मजबूत बनाएगी और किसानों तक अच्छी क्वालिटी के बीज समय पर पहुंचाएगी। मैं बीज उद्योग का स्वागत करता हूं कि वह वैल्यू चेन अप्रोच अपनाए और पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप फॉर एग्रीकल्चर वैल्यू चेन डेवलपमेंट जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले।*

### बीज उद्योग को हर साल करीब 300 करोड़ रुपए का नुकसान

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बीज उद्योग को हर साल करीब 300 करोड़ रुपए का नुकसान नियमों में बाधाओं के कारण होता है, खासकर लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन में देरी के कारण। इसके अलावा, अनावश्यक किस्म परीक्षण, राज्यों और केंद्र के नियमों में असंगति और जटिल प्रक्रियाएं विशेषकर एमएसएमई को प्रभावित करती हैं। पीपीवीएफआरए के चेयरपर्सन डॉ. त्रिलोचन मोहापात्रा ने कहा कि बौद्धिक संपदा की सुरक्षा इन बाधाओं को दूर करने की कुंजी है। उन्होंने कहाकि भारत ने इस क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है और आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत आईपी ढांचा बेहद जरूरी है। ब्रीडर्स और किसानों के अधिकारों की रक्षा न सिर्फ रिसर्च में निवेश को बढ़ावा देती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि नई तकनीक बिना देर किए किसानों तक पहुंचे।

# एसबीआई और इंडिगो ने प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड किया लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसबीआई कार्ड और भारत की सबसे पसंदीदा एयरलाइन, इंडिगो ने इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत इंडिगो एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रीमियम को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को दो अलग-अलग वेरिएंट, यानी इंडिगो एसबीआई कार्ड और इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट में लॉन्च किया गया है, ताकि अक्सर यात्रा करने वालों को शानदार रिवाड्र्स के साथ फ़ायदेमंद अनुभव मिल सके।

इस कार्ड के ग्राहकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सभी सेवाओं के साथ-साथ होटल और ट्रैवल बुकिंग सहित दूसरी श्रेणियों में किए गए सभी खर्चों पर रिवॉड्र्स मिलेंगे। ग्राहक इस कार्ड के लिए एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के जरिए, या फिर एसबीआई कार्ड की वेबसाइट एसबीआई कार्ड. कॉम पर जाकर डिजिटल तरीके से आवेदन कर सकते हैं, साथ ही वे एसबीआई कार्ड के रिटेल कियोस्क पर जाकर ऑफ़लाइन आवेदन का विकल्प भी चुन सकते हैं। एसबीआई कार्ड की एमडी एवं सीईओ, सलिला पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा किए सबीआई कार्ड में हमने इस बात पर गौर किया है कि, हमारे कार्डधारक यात्रा पर काफ़ी खर्च करते हैं और यह उनके खर्चों का बेहद अहम हिस्सा है। लगातार बढ़ती जानकारी और लोगों के पास खर्च के लिए अतिरिक्त आय की वजह से, भारत में टेक्नोलॉजी को पसंद करने वाले ग्राहक अब पूरी यात्रा का बेहतरीन अनुभव चाहते हैं। कार्डधारकों को इंडिगो के इकोसिस्टम में उपलब्ध सेवाओं पर खर्च के लिए इंडिगो एसबीआई कार्ड एलीट का उपयोग करने पर 7 फीसदी और इंडिगो एसबीआई कार्ड का उपयोग करने पर 3 फीसदी रिवॉड्र्स मिलेंगे।




## व्यापारी बना रहे पीएम मोदी के स्वदेशी के संकल्प को जन-जन के जीवन का प्रण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के 10 नंबर मार्केट के व्यापारी एवं उपभोक्ताओं से भोपाल के सांसद आलोक शर्मा स्वदेशी वस्तुओं को बेचने एवं खरीदने की अपील की। उन्होंने जीएसटी कम करने से होने वाले लाभ अंतर पर संवाद किया।

इस अवसर पर पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता सुनील पांडे,पूर्व जिलाध्यक्ष विकास वीरानी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, अमृत गहलोत, ऐफाज भाई, सुनील सचदेवा, लक्मन बिजलानी, जीवन नंदी, जीतू कृपलानी, राकेश जैन, मोनू राठौर सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।



# मप्र की स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) के विस्तार की पहल ने घरों, उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में पाइप नैचुरल गैस (पीएनजी), कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) को बढ़ावा देने में थिंक गैस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भोपाल में ड्राइवर तेजी से स्वच्छ ईंधन अपना रहे हैं जिससे प्रदूषण घटेगा क्योंकि सीएनजी स्टेशन बढ़ रहे हैं और एलएनजी के विकल्पों से लंबी दूरी के वाहनों को सहूलियत मिल रही है और ड्राइवर दैनिक जरूरतों के लिए सीएनजी वाहन अपना रहे हैं। राजधानी वासियों का कहना है कि सीएनजी वाहन की ओर रुख किया है। इससे मुझे बेहतर माइलेज मिलता है और अब मैं प्रति किलोमीटर करीब 8-9 रुपए की बचत कर रहा हूं। भोपाल में परिवार के लोग पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) की ओर रुख कर रहे हैं और वे धीरे धीरे किचेन से एलपीजी सिलेंडर हटा रहे हैं।

### एनयूसीएफडीसी और एसीएससी के बीच करार

**मुंबई।** नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी ) ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ अर्बन कोऑपरेटिव बैंकिंग सेक्टर में कामकाज को तेजी से डिजिटल बनाने के लिए सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### सुधा रेड्डी, लिएंडर पेस और मिस वर्ल्ड प्रतिनिधियों ने दिखाई एकजुटता

# 20 हजार लोगों ने दौड़कर हैदराबाद में 'पिंक पावर रन 2.0' में दिया स्तन कैंसर के खिलाफ संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित पिंक पावर रन 2025 के दूसरे संस्करण में रविवार को 20,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। नेकलेस रोड पर हुई इस दौड़ का आयोजन सुधा रेड्डी फाउंडेशन ने किया, जिसमें मशहूर हस्तियों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने एकजुट होकर स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दिया। दौड़ की शुरुआत सुधा रेड्डी, लिएंडर पेस, मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन जूलिया मॉरले और मिस वर्ल्ड 2025 ओपल सुचाता चुआंगसरी ने हरी झंडी दिखाकर की। मिस इंडिया वर्ल्ड नंदिनी गुप्ता समेत कई देशों की मिस वर्ल्ड प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।




### जूलिया मॉरले 'मेंटरशिप में उत्कृष्टता पुरस्कार 2025' से सम्मानित


इस बार की थीम स्ट्राइड एंड शाइन' रही, जिसमें 3, 5 और 10 किलोमीटर शामिल हैंकी दौड़ आयोजित की गई। विजेताओं को कुल 15 लाख रुपए से अधिक के नगद पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में फिटनेस वर्कशॉप, कैंसर सर्वाइवर्स की कहानियाँ और सोशल मीडिया चैलेंजेज़ भी शामिल रहे। जूलिया मॉरले को 'मेंटरशिप में उत्कृष्टता पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया। अब इस अभियान को 'पिंक पावर रन: बियॉन्ड बॉर्डर्स' नाम से 2026 में 140 देशों में ले जाने की तैयारी है। यह पहल मिस वर्ल्ड की 75वीं वर्षगांठ का भी हिस्सा होगी।

# रिलेक्सो ने पेश किया गारंटीड कैशबैक और आकर्षक रिवॉड्र्स के साथ फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर

**नई दिल्ली।** रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने अपने बहु-प्रतीक्षित फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर की शुरूआत की है, जिसके तहत खरीददार आकर्षक कैशबैक रिवॉड्र्स के साथ त्योहारों का जश्न मना सकेंगे। यह एक्सक्लुज़िव रीटेल पहल त्योहारों के इस सीज़न हर खरीददारी को खुशियों से भर देगी। इस ऑफर के तहत रिलेक्सो के रीटेल आउटलेट्स पर रु 1499 या अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ताओं को गारंटीड कैशबैक मिलेगा, जिसके तहत वे रु 101 के फायदे से लेकर रु 1,00,000 तक के बंपर रिवॉर्ड का लाभ उठा सकेंगे। हर वैद्य खरीद पर अश्योर्ड फायदों के साथ-साथ यह फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता न सिर्फ अपने पसंदीदा फुटवियर बल्कि जश्न मनाने के अतिरिक्त कारण के साथ वापस लौटें। फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर एक्सक्लुज़िव रूप से रिलेक्सो फुटवियर्स के रीटेल आउटलेट्स पर सभी ब्राण्ड्स जैसे फ्लाइट, स्पार्क्स, बहामास और रिलेक्सो पर उपलब्ध है। श्री नितिन दुआ, एक्ज़क्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट, रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा, "भारत में त्योहार, खुशियां बिखेरने का मौका हैं और फेस्टिव बोनांज़ा के साथ हम इन खुशियों को सीधे उपभोक्ताओं की खरीददारी में शामिल करना चाहते हैं। रिलेक्सो में हम लोगों के साथ जुड़ाव बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। यह पहल हमारे उपभोक्ताओं को धन्यवाद करने का एक तरीका है, जिन्होंने हमें अपने रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। हमें उम्मीद है कि त्योहारों का यह सीज़न उनके लिए और भी यादगार बन जाएगा, क्योंकि उनकी हर खरीद अपने साथ जश्न का उपहार लेकर आएगी।'स्टाइलिश, आरामदायक और किफ़ायती फुटवियर की व्यापक रेंज और आकर्षक रिवॉड्र्स के साथ रिलेक्सो ने लाखों परिवारों के भरोसेमंद चुनाव के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत बना लिया है। यह फेस्टिव बोनांज़ा हर खरीददारी को आकर्षक बनाने तथा कई पीढ़ियों से गुणवत्ता एवं मूल्य को बनाए रखने के वादे को और मजबूत बनाता है।




## शब्द पहेली - 6004



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

### शब्द पहेली- 6003 का हल



## सूडोकू नवताल - 6014

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6013 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# विश्व कप मिशन : घरेलू जमीन पर इतिहास रचने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी।

### ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर होगी

इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर है, जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है। पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जाएंगे, जिसमें पाकिस्तान के 7 लीग मैच और भारत के खिलाफ 5 अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा।

### स्मृति बल्लेबाजी की धुरी

मौजूदा फॉर्म को देखें तो भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे और टी20 श्रृंखलाओं में हराया है। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार का सिलसिला तोड़ा है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में आखिरी वनडे में जीत के लिए 413 रन का लक्ष्य लगभग पार कर ही लिया था। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बल्लेबाजी की धुरी रही हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वनडे शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 115.85 रहा है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ उन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत दी है।

■ महिला विश्व कप का पहला मैच आज दोपहर 3 बजे से गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच



### भारतीय टीम को दबाव में आने की आदत से पार पाना होगा

भारतीय टीम को बड़े मौकों पर दबाव में आने की आदत से भी पार पाना होगा। विश्व कप 2017 में जीत के करीब पहुंचकर टीम ने मैच गंवा दिया था और 2022 राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में भी मामूली अंतर से आस्ट्रेलिया से हारी थी। टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंकाई टीम 2022 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। श्रीलंका की उम्मीदें 20 वर्ष की हरफनमौला ड्यूमी विहांगा पर टिकी हैं जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में 11 विकेट लिये थे ।

### रेणुका की चोट के बाद वापसी

वहीं पांचवां विश्व कप खेल रही हरमनप्रीत बड़े टूर्नामेंटों में हमेशा अच्छा खेलती हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। चोट से उबरी जेमिमा रौड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 66 रन बनाए थे और वह मध्यक्रम को मजबूती देती हैं। रिचा घोष, हरलीन देयोल और दीप्ति शर्मा बल्लेबाजी को गहराई देते हैं जबकि अमनजोत कौर सीम गेंदबाजी हरफनमौला हैं। रेणुका सिंह चोट के बाद वापसी कर रही हैं, जिससे तेज आक्रमण मजबूत हुआ है। बाईस बरस की क्रांति गौड़ ने भी तेज गेंदबाजी में विविधता दिखाई है।

### दीप्ति, राधा, स्नेह और श्रीचरणी पर दारोमदार

इस साल इंग्लैंड दौरे पर चेस्टर ली स्ट्रीट में 52 रन देकर छह विकेट लेने वाली गौड़ जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के बाद इंग्लैंड में वनडे में छह विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी है। रेणुका के अलावा भारत के तीन अन्य तेज गेंदबाजों क्रांति, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत ने मिलकर 25 वनडे खेले हैं और गेंदबाजों ने हाल ही में 300 से अधिक स्कोर बनाने का विरोधी टीम को मौका दिया है। रेड्डी को अभ्यास मैच के दौरान चोट भी लगी थी जबकि अमनजोत ने भी चोट से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ वापसी की है। स्पिनर दीप्ति शर्मा, राधा यादव, स्नेह राणा और एन. श्री चरणी पर काफी दारोमदार होगा।

## खबर संक्षेप




### भारत का क्लीन स्वीप ओजस्वी के स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता। हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

### सहजा-श्रीवल्ली को बीजेके कप में टीम की कमान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने 14-16 नवंबर तक बेंगलुरु में होने वाले बिली जीन किंग (बीजेके) कप प्ले ऑफ के लिए सहजा यमलापल्ली की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय चयन पैनल ने रैंकिंग के अनुसार सहजा (347), श्रीवल्ली भामिदीपति (374), अंकिता रैना (447), रिया भाटिया (499) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बारे (131) को चुना। वैदेही चौधरी रिजर्व खिलाड़ी होंगी। जील देसाई और श्रुति अहलावत को प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत को स्लोवेनिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। इस ग्रुप की विजेता टीम को 2026 क्वालीफायर में जगह मिलेगी जबकि अन्य दो टीमें अगले साल ग्रुप एक में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाल उप्पल टीम के कप्तान होंगे जबकि राधिका कानिटकर कोच होंगी।



### ताइवान मास्टर्स : संयुक्त 43वें स्थान पर संधू



**ताइपे सिटी।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू अंतिम दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों को जूझना पड़ा और बहुत कम खिलाड़ी ही अंडर पार का स्कोर बना पाए। संधू ने अंतिम दौर में चार बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की। थाईलैंड के रतानोन वनासरिचान ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से पांच अंडर के कुल स्कोर के साथ एक शॉट के अंतर से खिताब जीता।

# टूर्नामेंट में अजेय रहा भारत; अभिषेक-कुलदीप ने बिखेरी चमक, सूर्यकुमार-हार्दिक रहे नाकाम

**एशिया कप में अभिषेक ने बनाए सर्वाधिक 314 रन और कुलदीप ने झटके 17 विकेट**

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच तल्ख रिश्तों के कारण एशिया कप में मैदान से बाहर की चीजें काफी हावी रही लेकिन इस हंगामे के बीच प्रतिभा की चमक, नए सितारों का उदय और असफलता के आंसू देखने को मिले। भारत पूरे टूर्नामेंट के अपने सात मैचों के दौरान अजेय रहा। टीम को हालांकि श्रीलंका ने सुपर चार के महत्वहीन मैच में कड़ी टक्कर दी और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले का फैसला भी टूर्नामेंट के आखिरी ओवर में हुआ। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों को छोड़कर अपने बाकी सभी मैच जीते। गत चैंपियन श्रीलंका को सुपर चार चरण में पाकिस्तान और बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट से पहले अफगानिस्तान से काफी उम्मीदें थे लेकिन टीम सुपर चार चरण में पहुंचने में विफल रही।




### भारत-पाक खिलाड़ियों के बीच तनातनी

भारतीय टीम एशिया कप चैंपियन बनीं लेकिन पूरे टूर्नामेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन की जगह भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान पर अपेक्षित सौहार्द की जगह तनातनी ने सुर्खियां बटोरी, जहां दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान और इसके बाद आक्रामक रवैया दिखाया। यह टूर्नामेंट शुरू से ही तनावपूर्ण रहा और फाइनल तक माहौल और गर्मा गया। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस टकराव की शुरुआत उस समय हुई जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सुरक्षाबलों के समर्थन में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। फाइनल आते-आते यह पूरी तरह एक दूसरे के खिलाफ टकराव जैसी स्थिति में बदल गया। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18वें ओवर में एक शानदार यॉर्कर से हारिस रऊफ को बोल्ड किया और इसका जश्न सुपर चार चरण में रऊफ के 'विमान गिरने' के इशारे की नकल कर बनाया।

### वे काफी कुछ कह रहे थे, मैं बस बल्ले से जवाब देना चाहता था : तिलक

तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ 'काफी टीका-टिप्पणी' की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की।

### सूर्यकुमार मैच फीस करेंगे सशस्त्र बलों और पहलगाम पीड़ितों को दान

कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप से मिलने वाली पूरी मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करेंगे। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता। सूर्यकुमार ने मैच के बाद एक्स पर लिखा,' मैंने इस टूर्नामेंट से अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में हैं। जय हिंद।' भारतीय खिलाड़ियों को टी20 प्रारुप में हर मैच में चार लाख रुपए मिलते हैं यानी टूर्नामेंट के सात मैचों के लिए सूर्यकुमार को 28 लाख रुपए मिलेंगे। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर मिली जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पाकिस्तान ने उन पर राजनीतिक बयान देने का आरोप लगाकर आईसीसी से शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर प्रतिबंध की भी मांग की थी।

### भारतीय खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ मनाया जीत का जश्न

रऊफ ने इस हरकत से भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजाक उड़ाया था। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाया था। फाइनल में रऊफ के विकेट उखाड़ने के बाद बुमराह की यह प्रतिक्रिया उसी मजाक उड़ाने की कोशिश का करारा जवाब था। भारत ने बेहद तनावपूर्ण माहौल में खेले गए फाइनल मैच में कई बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। नकवी पुरस्कार समारोह के दौरान मंच से उतरने को तैयार नहीं थे और भारतीय खिलाड़ी उनके हाथों पुरस्कार नहीं लेना चाहते थे। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ जीत का जश्न मनाया।

### उतार-चढ़ाव से भरे टूर्नामेंट की समाप्ति पर आंकड़ों का विश्लेषण

- भारत का यह नौवां एशिया कप खिताब (वनडे और टी20 प्रारुपों को मिलाकर) है। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार नौवीं जीत भी है।
- अभिषेक शर्मा ने टी20 प्रारुप के रैंकिंग में शीर्ष स्थान को सही साबित करते हुए सात मैचों में 314 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक जड़े और उनका सर्वोच्च स्कोर 75 का रहा। बायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर भारत को ज्यादातर मैचों में ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई।
- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में संघर्ष किया और सात मैचों में केवल 72 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रन रहा। उप-कप्तान शुभमन गिल के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी रही। उन्होंने सात मैचों में 47 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 127 रन बनाए।
- तिलक वर्मा टूर्नामेंट के बड़े सितारों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात मैचों में 213 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में मैच जीतने वाली 69 रन की नाबाद पारी शामिल थी। यह टूर्नामेंट में उनका उच्चतम स्कोर भी था।
- हरफनमौला हार्दिक पांड्या के लिए भी यह टूर्नामेंट साधारण रहा। वह चोट के कारण फाइनल नहीं खेल सके। उन्होंने छह मैचों में 48 रन बनाए और चार विकेट लिए (120 रन देकर), उनका इकोनॉमी रेट 8.57 रहा।
- सुपर चार मैच में भारत के खिलाफ अपनी ' बंदूक दिखाने जैसे जश्न' के लिए आलोचना का सामना करने वाले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने सात मैचों में 58 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 217 रन बनाए। वह पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

**चीन ओपन**

## स्वियातेक ने जीता 400वां मैच, चौथे दौर में पहुंची

**अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी**



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने कैमिला ओसोरियो को हराकर करियर की 400वीं जीत दर्ज की और चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई।

डब्ल्यूटीए-1000 प्रतियोगिता में लगातार तीन साल 25 या इससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी स्वियातेक ने कोलंबिया की ओसोरियो के 0-6 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते सियोल में कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीय स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमेरिकी ओपन का भी खिताब जीता है। वह अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी।

### मीरा ने जेसिका को 6-4, 6-1 से हराया



अन्य मुकाबलों में चौथी वरीय मीरा आंद्रीवा ने जेसिका बोजास मनेइरो को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मार्ता कोस्त्युक ने एलियकसांद्रा सेसनोविच को 6-4, 6-2 से हराया। नवारो जब लोइस बोइसन के खिलाफ 6-2, 1-0 से आगे चल रही थी तो फ्रांस की खिलाड़ी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। महिला प्रतियोगिता के साथ ही हो रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने फाबियान मारोजसान को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के 24 साल के सनिर अगले दौर में तीसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे, जिन्होंने चोट के कारण जाकुब मेनसिक के 1-4 के स्कोर पर मुकाबले से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई।

## जापान ओपन : शीर्ष वरीयता जोड़ी को हराकर फाइनल में बोपन्ना-युजुकी

एजेंसी ▶▶| टोकियो

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरु युजुकी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को बेहद रोमांचक मैच में हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया।




बोपन्ना और युजुकी ने धैर्य दिखाते हुए हैरिसन और किंग को 4-6, 6-3, 18-16 से हराया बोपन्ना और युजुकी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और फिर मैराथन सुपर टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान 44 वर्षीय बोपन्ना ने अपनी शानदार सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि युजुकी ने शानदार रिटर्न और नेट के इस्तेमाल प्रभावित किया। इस जीत से बोपन्ना एक और फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले, 2025 में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वीन्स क्लब में एटीपी 500 के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना था।

## क्रिस वोक्स ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने पिछले हफ्ते एशेज टीम में जगह नहीं मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर वोक्स ने इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में अपने 15 साल के करियर में 62 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2034 रन बनाए और 192 विकेट लिए। वोक्स (36 वर्ष) ने 122 एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले, जिनमें उन्होंने क्रमशः 1524 और 147 रन बनाए। उन्होंने सफेद गेंद के प्रारुप में कुल 204 विकेट चटकाए। वोक्स ने कहा, 'वह क्षण आ गया है और मैंने फैसला किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय आ गया है।' वोक्स ने अपना आखिरी टेस्ट मैच भारत के खिलाफ द ओवल में खेला था जब वह पांचवें टेस्ट में मेहमान टीम को श्रृंखला बराबर करने से रोकने की नाकाम कोशिश करते हुए अपनी बांह को पट्टी से बांधकर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी, जिसका मैं बचपन से ही सपना देखता था और मैं उन सपनों को जीने के लिए बेहद भाग्यशाली महसूस करता हूं।' वोक्स ने कहा, 'इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना, 'थ्री लायंस' के ठप्पे वाली जर्सी पहनना और पिछले 15 वर्षों में टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना, ऐसी चीजें हैं, जिन्हें मैं बहुत गर्व के साथ याद करूंगा।' वोक्स इंग्लैंड की दो आईसीसी विश्व कप जीत का हिस्सा थे।



**ग्नजडिलोव का तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब**

# डेनिस ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड, गोला फेंक में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता।

रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।




### दयावंती ने चक्का फेंक में हासिल किया चौथा स्थान

इस दौरान चुनौती पेश कर रहे भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने सोमवार सुबह महिलाओं की चक्का फेंक एफ46 फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर का थ्रो करके चौथा स्थान हासिल किया। इस थ्रो से उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड तो बनाया लेकिन वह कांस्य पदक विजेता अमेरिका की एलिसिया ग्युरेरो से 1.51 मीटर पीछे रह गईं। आयुष वर्मा पुरुषों की गोला फेंक एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर का रहा जो कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी से 97 सेंटीमीटर कम था।

### पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। सोमवार सुबह को दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम हुए और इस दौरान पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पुरुषों की गोला फेंक एफ53 फाइनल में पोलैंड के बार्टोस्ज गोरजाक ने 8.67 मीटर का थ्रो करके मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। महिलाओं के चक्का फेंक एफ44 फाइनल में मैक्सिको की ओसिरिस एनेथ माचाडो ने 44.36मीटर के थ्रो के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। फौस्टिना कोटलोव्स्का ने महिलाओं की चक्का फेंक एफ 64 स्पर्धा में पोलैंड को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इन दो स्वर्ण पदकों की मदद से पोलैंड पदक तालिका में चार स्वर्ण और चार कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। वह ब्राजील (तीन स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य) और चीन (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) से आगे निकल गया।




| पुराना एक्स-शोरूम | नया एक्स-शोरूम | डाउन पेमेंट | प्रतिदिन की EMI | इंस्टेंट डिस्काउंट | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ~~₹79 826~~# से शुरू | ₹73 589# से शुरू | ₹1999* से शुरू | ₹69* से शुरू | ₹10 000* तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs | 5 crore+ HAPPY CUSTOMERS | Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE |

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Limited period offer, T&C apply. #Ex-showroom prices are applicable in Madhya Pradesh.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रूसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरीः श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोहः इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### लोक निर्माण विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एससी वर्मा पर लगाया गया था आरोप

# हाईकोर्ट ने उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति को दिए जांच के निर्देश

जबलपुर।

मप्र हाई कोर्ट ने लोक निर्माण विभाग के प्रभारी मुख्य अभियंता एससी वर्मा की जाति के विवाद की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच जाति छानबीन समिति को निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि समिति तीन माह के भीतर जांच पूरी करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर वर्मा के विरुद्ध उचित कदम उठाए जा सकते हैं।याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रशांत वैश्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीतिंकर दिवाकर व अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा। जबकि प्रतिवादी राज्य शासन की ओर से अधिवक्ता नितिन गुप्ता उपस्थित हुए। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि प्रभारी मुख्य अभियंता एससी वर्मा के विरूद्ध राष्ट्रीय आयोग के समक्ष याचिका से सम्बंधित कोई भी मामला राष्ट्रीय आयोग के समक्ष लंबित नहीं है। यह तर्क सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि यदि राष्ट्रीय आयोग द्वारा कोई रोक नहीं लगाई गई है, तो उच्च स्तरीय जाति जांच समिति शिकायत के आधार पर जांच सुनिश्चित करे। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता भी



प्रदान की कि यदि निजी प्रतिवादी की जाति की स्थिति उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति की जांच में विवादित पाई जाती है, तो याचिकाकर्ता उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति की रिपोर्ट की प्रति के साथ एक और समीक्षा याचिका दायर करके न्यायालय द्वारा अधिरोपित जुर्माने में छूट की मांग हेतु हाई कोर्ट में फिर से आने के लिए स्वतंत्र होगा।

#### यह है मामला

लोक निर्माण विभाग, जबलपुर में पदस्थ प्रभारी मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र वर्मा के विरुद्ध इस आशय की शिकायतें प्राधिकृत अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गई थी कि उनके द्वारा 19 जुलाई 1992 को लोक निर्माण विभाग में सहायक यंत्री सिविल का अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पद प्राप्त कर न केवल अवैध रूप से अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री व मुख्य अभियंता पद पर पदोन्नति आदि लाभ प्राप्त किया बल्कि आय से अधिक संपत्ति भी अर्जित की गई परंतु आज दिनांक तक उन शिकायतों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई और न ही सुरेश चंद्र वर्मा की जाति की जांच की गई जिस वजह से उसे धनगड़ अनुसूचित जनजाति का अवैध लाभ प्रदान किया जा रहा है। पूर्व में एकलपीठ ने अपने आदेश में मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन को निर्देश देते हुए सुरेश चंद्र वर्मा के विरुद्ध याचिकाकर्ता की लंबित शिकायत को चार सप्ताह के अंदर निराकृत करने के आदेश दिए थे। बाद में रिव्यू में आदेश को बदलते हुए कोर्ट के द्वारा याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाते हुए नियुक्ति को चुनौती देने वाली और एससी वर्मा के जाति प्रमाण पत्र की जांच की मांग वाली रिट याचिका को एक लाख रुपये के जुर्माने के साथ निरस्त कर दिया गया था। जिसकी अपील याचिका भी निरस्त कर दी गई थी किन्तु अपील के रिव्यू आवेदन पर न्यायालय के द्वारा उक्त आशय के आदेश जारी किए गए।

## हाई कोर्ट ने गौरीघाट क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण की शिकायत पर कार्रवाई के दिए निर्देश

लाउड स्पीकर व डीजे के शोर शराबें को चुनौती का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के गौरीघाट क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इसके लिए सात दिन का समय दिया है। याचिकाकर्ता गौरीघाट निवासियों की ओर से अधिवक्ता ईशान त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गौरीघाट क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों के समय ध्वनि प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। लाउड स्वीकर व डीजे आदि तेज अवाज में बजाए जाते हैं। इससे क्षेत्रवासियों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। नियमानुसार गौरीघाट पुलिस को इस सिलसिले में शिकायतों को गंभीरता से लेना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम व हाई कोर्ट के पूर्व न्यायदृष्टांतों के अनुसार प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम के संबंध में समुचित जन जागरुकता का प्रसारण करे। नियमों का उल्लंघन होने पर निर्धारित सजा व जुर्माना आदि के बारे में चेतावनी जारी करे। लंबे समय से ऐसा नहीं किया जा रहा है, इसलिए ध्वनि प्रदूषण बदस्तूर जारी है। इससे आमजन को नुकसान हो रहा है। ध्वनि प्रदूषण मनुष्यों के ही नहीं अन्य प्राणियों व पर्यावरण के लिए भी घातक है। इसके बावजूद इस पर ठोस अंकुश नदारद है।

# महिला कर्मचारियों की चाइल्ड केयर लीव पर 60 दिन में लें अंतिम निर्णय

जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जबलपुर की महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव यानि बाल देखभाल अवकाश की सुविधा न दिए जाने के मामले में बैंक प्रबंधन और सहकारिता विभाग को अहम निर्देश दिए । जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता शिंजिनी दुबे और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए, संबंधित अधिकारियों को 60 दिनों के भीतर इस विषय पर अंतिम निर्णय लेने का आदेश दिया।

**हाई कोर्ट ने सहकारिता विभाग को दिए निर्देश**

याचिकाकर्ता, जो जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जबलपुर में कार्यरत महिला कर्मचारी हैं, इस बात से असंतुष्ट थीं कि बैंक में महिला कर्मचारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव देने का कोई प्रविधान नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि वे बाल देखभाल अवकाश के दायरे में आती हैं और उनके बच्चे 18 वर्ष से कम आयु के हैं, लेकिन नीतिगत कारणों से बैंक छुट्टी स्वीकृत नहीं कर रहा है।याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में बैंक को एक विस्तृत अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया था, जिस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

हाई कोर्ट ने पाया कि चूंकि बैंक की सेवा शर्तें मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 55(1) के तहत संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा बनाई जाती हैं, इसलिए बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मार्गदर्शन के लिए संयुक्त पंजीयक को पत्र लिखा था।हाई कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जब अन्य संगठनों में का प्रविधान है, तो यह अनिवार्य है कि बैंक को भी इस मामले में निर्णय लेना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि बैंक को संगठनात्मक आवश्यकताओं और बच्चों के अधिकारों के बीच संतुलन साधते हुए एक उचित निर्णय लेना होगा। हाई कोर्ट ने संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिया कि वे संगठनात्मक आवश्यकताओं और बच्चों के अधिकारों का आकलन करते हुए 60 दिनों के भीतर इस मामले में अंतिम निर्णय लें।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्णय की जानकारी याचिकाकर्ताओं को दी जाए और यदि कोई प्रतिकूल निर्णय लिया जाता है, तो याचिकाकर्ताओं को कानून के अनुसार उसे चुनौती देने की स्वतंत्रता होगी। याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने रखा। हाई कोर्ट के इस निर्देश से सहकारी बैंक की महिला कर्मचारियों में सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है।

# राष्ट्रभाषा समर्थक अनिल शुक्ल सम्मानित

**जबलपुर।** प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने संस्कारधानी जबलपुर के राष्ट्रभाषा समर्थक, विचारक, पत्रकार अनिल शुक्ल को सम्मानित किया। अनिल शुक्ल हिंदी के प्रचार-प्रसार में निरंतर निष्ठा पूर्वक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। अपनी भाषा व संस्कृति के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर रमेश तिवारी की उपस्थिति सराहनीय रही। रमेश तिवारी, सनातन धर्म एवं दर्शन के प्रबल समर्थक है। प्रदीप मिश्र अजनबी, आचार्य विजय तिवारी किसलय, सोमनाथ शुक्ल, राजवीर शर्मा, रामलखन गुप्त, प्रतिमा पाठक, डॉ लाल सिंह



किरार, गोपाल जाटव विद्रोही, राकेश आनंदकर, दादा भैरु सुनार आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी। प्रेरणा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी समर्थक व प्रचारक का सम्मान करना प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा का प्रथम कर्तव्य है।



## ब्राम्हाकुमारीज् सेवा केंद्र ने लगवाई चैतन्य देवियों की दिव्य मनोहारी झाँकी

**बरेला।** मेला ग्राउंड मे नवयुवक महाकाली उत्सव समिति मेला ग्राउंड के सहयोग से किया गया है । जिसमे ब्रह्मकुमारी बहिने योग मुद्रा मे माता दुर्गा,माता लक्ष्मी, माता सरस्वती,माता उमा देवी,माता ब्रम्हचारिणी की मुद्रा मे विराजमान हैं। इन देवियों की योग मुद्रा मिशाल है प्राचीन राजयोग के द्वारा मन को एकाग्र कर तन को भी एकाग्र करने की।बिना हिले डुले लम्बे समय तक एक ही मुद्रा मे विराजमान है। ब्रहाकुमारी बहिने सालों से मेडिटेशन का अभ्यास कर रही है चैतन्य देवियों के दर्शन के लिए प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है।नगर के प्रतिष्ठत गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रतिदिन दीप प्रज्वलित कर दरबार का उद्घाटन किया जाता है। सेवाकेंन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुम्हारी अनिता बहिन ने भक्तों को अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है ।

# शक्ति नगर की माता महाकाली के प्रांगण में रहीं गरबा की धूम

**जबलपुर।** नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति 90 क्वार्टर मैदान शक्ति नगर में विराजमान माता महाकाली की आरती के बाद शाम 7.30 पर गरबा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, प्रशांत सिजारिया,सीताराम पांडे और हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्र के 9दिनों मे विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं जिनमे गरबा डांस मुख्य है । 1 अक्टूबर शाम को हवन, 2 अक्टूबर को रात्रि में रावण दहन के बाद भंडारा प्रसाद वितरण होगा।3अक्टूबर को 5:00 बजे से विसर्जन चल समारोह निकाला जाएगा। नव शक्ति मित्र मंडल के अंकित श्रीवास्तव तनु, संदीप शर्मा, आशीष कपूर, हर्ष ठाकुर ,किशोर सूर्यवंशी ,मुन्नू ठाकुर, अंकुर राय, नवीन शर्मा, सल्लू, आशु नामदेव, उज्जवल ,शिवम, दीपक नाथ, सागर महाजन, हिमांशु, कमलेश सोनी, और अक्कू ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है गरबा मे कल्पना



महाजन, रानी रामटेके, प्रीति श्रीवास्तव,काजल तिवारी, नीता सिजारिया, स्वाति चौरसिया, सोनू राजपूत की मुख्य भूमिका रही वहीं आशा डोंगरवार ,श्यामा सूर्यवंशी, दीप्ति पांडे ,सरोज प्रधान , प्रीति तिवारी , आभा लोधी , नीलम कोरी, आरती तिवारी, रितु कोरी ,कंचन कोरी,पूर्ति नाथ, नंदनी सेन, मेघा चौहान, ज्योति गुप्ता, सपना मल्लाह , प्रिया चावला , अनिता सोनी ,रागनी गुप्ता, पूनम पांडे ,दिशा शर्मा, रुचिका महाजन,प्रेमलता घाटे आदि ने गरबा मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया । समिति के सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में मन्नत वाली माता महाकाली का आशिर्वाद लेने का आव्हान किया है।



## 'सेवा पखवाड़ा' के तहत लगाया गया हृदय रोग स्वास्थ्य शिविर


**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा पखवाड़ा' के तहत हृदय रोग स्वास्थ्य शिविर का आज आयोजन हुआ। सेवा पखवाड़ा के तहत आज प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष डॉ विवेक जैन के निर्देशन में आयोजित हुआ। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हर्ष रेड्डी द्वारा 157 मरीज को निशुल्क हृदय रोग से संबंधित जांच कर निशुल्क परीक्षण परीक्षण कर उचित सलाह दी गई। हृदय रोग स्वास्थ्य शिविर मैं भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महामंत्री रजनीश यादव एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपना सहयोग दिया।स्वास्थ्य शिविर में डॉ महेंद्र पटेल,डॉ आशीष वर्मा, डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ सचिन बुधौलिया, डीआर अमरेश पांडे, डॉ श्रीकांत साहू,डॉ मेघा रैकवार, अरविंद गुप्ता राकेश गुप्ता अंजना जायसवाल हिमांशु कुमार, रामेश्वरी, एवं उनकी टीम का सहयोग रहा।

# सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को हासिल हुई एनएबीएल से चार वर्ष की मान्यता

### जनरेटिंग कंपनी की सारनी कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला की यह सफलता

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी स्थित कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एन्ड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज (एनएबीएल) से चार वर्षों की नवीन मान्यता हासिल हुई है। सारनी कोयला गुणवत्ता प्रयोगशाला को यह मान्यता आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के मानकों के अनुरूप प्रदान की गई है। कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को यह मान्यता 6 सितंबर 2025 से 5 सितंबर 2029 तक की अवधि के लिए प्रदान की गई है।

मान्यता सटीकता, विश्वसनीयता व पारदर्शिता का प्रतीक-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि सारनी कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को एनएबीएल से चार वर्ष की मान्यता प्राप्त होना प्रयोगशाला की कोयला परीक्षण की सटीकता, विश्वसनीयता व पारदर्शिता का परिचायक है।



सभी मापदंडों में प्रयोगशाला हुई सफल-एनएबीएल द्वारा कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को मान्यता देने का कार्य कई चरणों में पूर्ण किया गया, जिसमें आन साइट सर्विलांस ऑडिट जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया शामिल थी। एनएबीएल द्वारा इसके अलावा प्रयोगशाला की कार्यप्रणालियों, अभलिखों और वहां पर कार्यरत कार्मिकों की क्षमता व कुशलता को परखा गया। इन समस्त मापदंडों में सारनी की कोयला प्रयोगशाला को सफलता मिली है।

अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रतिबद्धता की पुष्टि-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की सारनी कोयला गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला की यह सफलता टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। इस मान्यता से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार गुणवत्ता और क्षमता के प्रति प्रयोगशाला की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।



# गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल से पैदल वॉक कर किया स्वास्थ्य के प्रति जागरुक

जबलपुर।

सोमवार को हार्ट रिसर्च एसोसिएशन के द्वारा गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल से पैदल वॉक का आयोजन किया गया, जो तीन पत्ती और यातायात ऑफिस से होते हुए पुनः गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर श्री जगत बहादुर अन्नू जी ने हरी झंडी दिखाकर किया।डॉ पुष्पराज पटेल जी ने बताया कि पैदल वॉक का आयोजन 10 वर्षो से किया जा रहा है इस वर्ष 11 वाँ वर्ष है ।

कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर अन्नू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ कावेरी शाह पटेल, डॉ नीरज जैन, डॉ अनुमिति जैन, डॉ रिछारिया, डॉ गिरीश, डॉ प्रदीप, डॉ इमरान, हेमंत बड़गैया आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, हृदय रोगों के प्रति लोगों को शिक्षित करना है।

इस आयोजन के माध्यम से लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर जबलपुर स्त्री विशेषज्ञ से डॉ राखी बाजपेयी जबलपुर मीनोपाज सोसाइटी से डॉ चित्रा जैन डॉ सोनल रिछारिया वुमेन डॉ विंग्स से डॉ नीना श्रीवास्तव डॉ कावेरी शॉ पटेल इनर व्हील क्लब से डॉ पल्लवी गुप्ता, डॉ सरिता पटेल, कदम संस्था, हार्ट रिसर्च एसोसिएशन आदि उपस्थित रहे.गोल्डन वुमन केयर हॉस्पिटल शाश्वत पटेल, शरणया,डॉ खुशबू, सुबोध, शिवानी, डॉ ज्योति, मूलचंद, इदरीस, बलिराम, राहुल, मनीष आदि संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन स्त्री एवं केंसर रोग विशेषज्ञ डॉ कावेरी शॉ पटेल ने आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गरबा उत्सव

जबलपुर।

माँ की आराधना पर्व नवमी में गरबा उत्सव का कार्यक्रम रविवार दिनांक 28 को तुलसी तेजस्विनी संघ एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मनाया। गरबा उत्सव प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका डॉ. सुमनलता पुरोहित एवं श्रीमती रश्मि गुप्ता द्वारा सफलता पूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम में डा आशा पाण्डे , श्रीमती अलका मिश्रा , श्रीमती सुधा यादव, अलका पाण्डे , रश्मि तिवारी कीर्ती दुबे , डा मंजू दीक्षित , मधु असाटी , प्रियंका पाण्डे , मनसुख चौहान आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. सरोज शुक्ला द्वारा सुमधुर देवी गीतों की प्रस्तुति दी गई। श्रीमती इंदू




दीक्षित द्वारा सुंदर श्लोकों और स्वरचित कविताओं के साथ मंच संचालन किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. आशा पाण्डे द्वारा दिया गया।

### जबलपुर में हत्या एवं डकैती का मामला

# हत्या मामले में जिला न्यायालय ने सभी 9 आरोपियों को किया बरी

**जबलपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर की एक अदालत ने ड्राइवर और एक क्लीनर की हत्या से संबंधित मामले में आरोपी बनाये गये 9 लोगों को बरी कर दिया है।

अभियुक्तगणों की ओर से अधिवक्ता एमआर पटेल, अधिवक्ता नवरत्न पचौरी, अधिवक्ता राजेश कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता अमित निषाद, अधिवक्ता संजय सोनकर, अधिवक्ता सत्यम पटेल ने पैरवी की।हत्या के मामले में अभियोजन की कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि दिनांक 12.01.2015 को दोपहर लगभग 1:00 बजे अथवा उसके पूर्व ग्राम डेढ चौकी शहपुरा रेलवे लाइन के पास खेत में पांच से अधिक लोगों ने मिलकर रामकुमार विश्वकर्मा एवं रमेश प्रजापति दोनों



की हत्या कर डकैती को अंजाम दिया। आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता आरएस पटेल ने कहा कि न्यायालय ने पुलिस जांच में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों में खामियों पायी गई हैं, जिसका हवाला देते हुए सभी 9 आरोपियों को बरी कर दिया।

## गोविंदगंज में हनुमंतलाल की जय-जय कार, धू-धू जली लंका

# क्या बाप तुम्हारे लंका में ये झाड़ लगाने आए थे

हरिभूमि जबलपुर।

*ये लंका शिव शंकर की थी-इस कारण ये फल खाए थे, क्या बाप तुम्हारे लंका में ये झाड़ लगाने आए थे। हनुमंत लाल जी ने जब ये संवाद बोला, तो दर्शकों ने अपार तालियां बजाई। गोविंदगंज रामलीला मंच पर कल लंका दहन की लीला मंचित की गई। हनुमानजी का अभिनय करने वाले पलाश पाठक खूब जमे। उनके जोरदार संवादों ने खूब तालियां बटोरीं।*



### 20 फीट ऊंची लंका का किया दहन

रामलीला में हनुमानजी ने रावण की बीस फीट ऊंची स्वर्णमयी लंका का दहन कर दिया। रावण के आदेश पर लंका के वीरों ने उनकी पूछ में आग लगाई। इस दौरान जम कर आतिशबाजी हुई। समिति के स्पेशल इफैक्ट एक्सपर्ट मनीष पाठक ने बताया कि पूरे दिन लंका का निर्माण चला जिसमें सुरक्षित अग्नि सामग्री का इस्तेमाल किया गया। देर रात लंका का दहन किया गया।

### कलाकारों का शानदार अभिनय

अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला में कलाकार बहुत अच्छा अभिनय कर रहे हैं। कल राम के रूप में ओम दुबे, सीता के रूप में विहान जोशी, रावण के रूप में पवन पांडे, अक्षय कुमार के रूप में मनीष पाठक, मेघनादके रूप में प्रवीण तिवारी, विभीषण के रूप में शंकर शर्मा ने भी शानदार रोल अदा किया।

### श्री राम ने किया रामेश्वर पूजन

समिति अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रामलीला में सेतुबंधु रामेश्वर पूजन की लीला भी हुई। भगवान श्रीराम-लक्ष्मण-श्री हनुमानजी अपने हाथों से स्वयंभू शिव का अभिषेक किया। भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक 21 ब्राम्हण पुरोहितों द्वारा संपन्न कराया गया। इस असवर पर भगवान को हजारों बेलपत्र अर्पित किए गए। रामेश्वर पूजन के बाद अंगद-रावण संवाद की लीला ने समां बांध दिया। रावण के रूप मे पवन पांडे, अंगद के रूप मे सक्षम बाजपेयी, नागाह पुत्र के रूप मे प्रवीण तिवारी का अभि नय सराहा गया।

## हनुमान ने लंका में लगाई आग, विभीषण पहुंचे भगवान श्रीराम की शरण में

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढ़ा जाबालीपुरम में 11 वें दिन सिद्ध मंच पर भगवान की आरती संचालक अशोक मनोध्याय,डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता,अधिवक्ता अर्जुन साहू,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत शहपुरा श्री प्रमोद शुक्ला, सर्वेन्द्र बिल्थरे,डॉक्टर रविन्द्र शुक्ला, सुरेश बैसनपाइन,पं.सौरभ शर्मा, अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री लोकराम कोरी, मुन्ना पांडे,योगा टीम के प्रहलाद बिलथरे,गनपद कोष्टा,आर.पी.पटेल, श्रीवर्धन नेमा,विजय नेमा,विजय साहू,सुजीत साहू,सिद्धार्थ शुक्ला,मदन गोपाल पटेल, जितेंद्र सोनी,एड अरुण दीक्षित, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय,निर्देशक राजेश मिश्रा,शरद दुबे कुररिया,श्रीमती नीना उपाध्याय,श्रीमती छाया अरूण मिश्रा,इंदुलता प्यासी, हनुमंत सिंह रघुवंशी,डॉक्टर भूपेन्द्र उपाध्याय, के द्वारा की गई। इसके उपरांत गढ़ा रामलीला में हनुमान लंका गए ।माता सीता से मिलकर उन्हें जल्द मुक्त कराने की बात कही। विभीषण से मिले और अशोक वाटिका के मधुर फल खाए ।इसके उपरांत रावण के सामने जाकर भरी सभा में रावण को सम्मान पूर्वक माता सीता को भगवान श्री राम को सौंपने को कहा। तब रावण ने क्रोधित होकर कहा कि हनुमान की पूंछ में आग लगा दो ।आग लगते ही ₹ *उलट पलट लंका सब जारी कूद परा पुनि सिंधु मंझारी।₹* जिससे पूरी लंका ही जलकर खाक हो गई ।इसके उपरांत विभीषण रावण का रोचक संवाद हुआ। रावण के लात मारते ही विभीषण ने लंका त्याग दी और राम दल में जाकर दोनों हाथ उठाकर भगवान राम के सम्मुख शरणागति करते हुए कहा *₹नाथ दशानन कर मैं भ्राता निश्चर वंश जनम सुर त्राता।₹ तथा ₹श्रवन सुजसू सुन आयउं प्रभु भंजन भव भीर ।त्राही त्राहि आरती हरन शरण सुखद रघुवीर।₹* इस पर भगवान राम ने उन्हें गले लगाया तथा लंका का राजा घोषित किया ।इसके बाद लंका पर चढ़ाई करने की योजना बनाई। आज समिति के कोषाध्यक्ष कैलाश नेमा की ओर से मिष्ठान वितरण किया गया।इस अवसर पर समिति के ,निलेश चौबे, राजेश नेमा ,अजय तिवारी,पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल,जगत सिंह,पंकज अवस्थी, दीपक कोष्टा, भोलाराम खत्री, ने समस्त रामभक्तों से उपस्थिति की अपील की है।पर्दे के पीछे मेकअप मेन प्रदीप गोस्वामी, अनिल दुबे,नरेश मिश्रा, आयुष झारिया एवं ड्रेसर में बबलू रजक,श्याम मिश्रा, सम्राट पांडे, शिशिर तिवारी ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। दिनांक 30/09/ 25 दिन मंगलवार को सेतुबंध रामेश्वर पूजन, अंगद रावण संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें।



## 12वें विज्ञान मेले में एम.पी. ट्रांसको को मिला प्रथम स्थान

**जबलपुर।** विज्ञान भारती मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में आयोजित 12वें भोपाल विज्ञान मेले में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के स्टॉल को शासकीय वर्ग मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विज्ञान मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह पुरस्कार प्रदान किया। म.प्र. के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एम.पी. ट्रांसको को इस सफलता पर बधाई दी है। एम.पी. ट्रांसको की तरफ से अतिरिक्त मुख्य अभियंता सतीष दुबे, राजेश शांडिल्य, अधीक्षण अभियंता प्रदीप राघव, जे.पी. रामपुरिया, कार्यपालन अभियंता वी.रमेश अय्यर, अनुराग पंत, सहायक अभियंता आशीष जैन आदि ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

### नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकों का हुआ प्रदर्शन

26 सितंबर से प्रारंभ हुए इस मेले में एम.पी. ट्रांसको का स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ था, स्टॉल में एम.पी. ट्रांसको द्वारा मध्यप्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। इनमें चार्ज ट्रांसमिशन लाइन पर हॉटलाइन तकनीक और वेयर हेंड तकनीक से सुधार कार्य, गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जी.आई.एस.) तकनीक से संचालित एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशन के मॉडल सहित अनेक तकनीकी डिस्प्ले प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों और आगंतुको ने ट्रांसमिशन सिस्टम की बारीकियों को जिज्ञासा और उत्साह से समझा। मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने भी गत दिवस ट्रांसको के स्टॉल का अवलोकन कर ट्रांसमिशन सिस्टम में नई-नई तकनीकें और नवाचार के उपयोग को सराहनीय बताया था।

### पुल निर्माण का कार्य 1 साल से पड़ा हैं बंद

## सरस्वतीघाट में फैली अव्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं में तीव्र आक्रोश



**भेड़ाघाट।** सरस्वती घाट में पुल का निर्माण कार्य 1साल से बंद पड़ा है पुल निर्माण की सामग्री फैली हुई है और सरस्वती घाट पर पुल निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार द्वारा यह पर अवैध खनन भी किया गया है इस बरसात में काटव भी हुआ है मां नर्मदा के संगम सरस्वती घाट पर फैली अव्यवस्था से पर्यटकों श्रद्धालुओं में आक्रोश देखा जा रहा हैं। यहां पर बाइक तक खड़ी करने की जगह नहीं है यहां पर मेला भी भरता है सरस्वती घाट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है फिर भी यहां पर सुविधाएं नदारद हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता विघासागर दुबे ने शासन प्रशासन से शीघ्र सरस्वती घाट में फैली अव्यवस्था को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भेड़ाघाट सरस्वती घाट पर वाहन खड़े करने तक की जगह नहीं है यहां पर पुल का निर्माण कार्य 2वर्षों से बंद पड़ा है यहां पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाऐ।

## मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की शताब्दी पर मिलिट्री हॉस्पिटल से शुरु हुआ वॉकथॉन



हरिभूमि जबलपुर।

मुख्यालय भारत एरिया के तत्वाधान में मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा सोमवार को मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) की शताब्दी समारोह एवं विश्व हृदय दिवस 2025 के उपलक्ष्य में एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष के विश्व हृदय दिवस की थीम "डोंट मिस अ बीट" को दर्शाते हुए मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की राष्ट्र के प्रति 100 वर्षों की गौरवशाली सेवा का जश्न मनाता है।

वॉकथॉन का शुभारंभ प्रातः 0600 बजे कर्नल ए.के. शर्मा, कार्यवाहक कमांडेंट मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर एवं कर्नल रूपा भौमिक, प्रिंसिपल मैट्रन मिलिट्री हॉस्पिटल, जबलपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में हृदय स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया और बताया गया कि कम से कम 3 किलोमीटर की प्रातःकालीन सैर स्वस्थ हृदय और अच्छे स्वास्थ्य में कैसे योगदान देती है।

चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग अधिकारियों, जूनियर कमीशन्ड अधिकारियों एवं सैनिकों ने इस वॉकथॉन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस अवसर को यादगार बनाया। यह वॉकथॉन मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की स्वास्थ्य सेवा में अडिग प्रतिबद्धता का प्रमाण है और सैन्य समुदाय में निवारक स्वास्थ्य उपायों को बढ़ावा देता है।1926 में स्थापित मिलिट्री नर्सिंग सर्विस एक अत्यधिक विशेषज्ञ संवर्ग के रूप में विकसित हुई है जो सैनिकों और उनके परिवारों को असाधारण चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह सेवा "सेवा प्रथम स्वयं बाद में" के अपने मिशन और "मुस्कान के साथ सेवा" के आदर्श वाक्य को बनाए रखते हुए सैन्य स्वास्थ्य सेवा में व्यावसायिक उत्कृष्टता का प्रतीक है।

यह वॉकथॉन मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के शताब्दी समारोह के लिए देशभर में आयोजित होने वाले अनेक कार्यक्रमों में से एक है, जो अतीत का सम्मान, वर्तमान में चिकित्सा सेवा और भविष्य की प्रेरणा का प्रतिनिधित्व करता है। मिलिट्री नर्सिंग सर्विस सशस्त्र बलों में 'नारी शक्ति' का सच्चा प्रतिनिधित्व करती है और साहस, योग्यता तथा अटूट समर्पण का प्रदर्शन करती है।

## हिंदू जागरण मंच ने जीसीएफ स्टेट में की महाआरती

**जबलपुर।** हिंदू जागरण मंच के द्वारा जीसीएफ स्टेट में शिव दुर्गा समिति के तत्वावधान में भव्य विराट महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के प्रांत के पदाधिकारी श्री टिल्लू शर्मा, जिला सहसंयोजक सचिन रजक, दुर्गेश सेन, शेखर रजक सुमित दहिया बॉक्सर भाई, यश कटारिया संतोष शर्मा, निक्की बाथरे, शक्ति शर्मा, डीके त्रिपाठी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। महा आरती की भव्यता और भक्तिभाव ने सभी को भावविभोर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच और शिव दुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया।





### नर्मदा महोत्सव की तैयारी का जायजा लिया

**भेड़ाघाट।** नर्मदा महोत्सव भेड़ाघाट में होने वाले महोत्सव की तैयारी को लेकर आज कलेक्टर महोदय एवं नगर निगम कमिश्नर तथा अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी उपाध्यक्ष जगदीश दहिया अनिल तिवारी महेश तिवारी एवं विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे नगर परिषद भेड़ाघाट सीएमओ विक्रम झरिया निधि परोहा लक्ष्मी नारायण दुबे एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**श्री संदीप चौबे-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री संदीप चौबे (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम नरेश दुबे-** ब्यौहारबाग पेट्रोल पंप के पीछे निवासी श्री राम नरेश दुबे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल यादव-** गोरखपुर अहीर मोहल्ला निवासी श्री छोटे लाल यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लल्ला चौरसिया-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री लल्ला चौरसिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गया प्रसाद नेमा-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री गया प्रसाद नेमा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंपा देवी नामदेव-** नर्मदा रोड आदर्श नगर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री हरि प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती चंपा देवी नामदेव (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीराम यादव-** बधैया मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री तुलसीराम यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अतुल शर्मा-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री महेश शर्मा के पुत्र श्री अतुल शर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश कुमार कुचबंधिया-** कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री राकेश कुमार कुचबंधिया (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुंदन लाल श्रीवास्तव-** राइट टाउन निवासी श्री कुंदन लाल श्रीवास्तव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामदीन कोल-** छुई खदान




मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रामदीन कोल (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अघनिया बाई-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री फागू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती अघनिया बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र चक्रवर्ती-** शीतालमाई कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री धर्मेंद्र चक्रवर्ती (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार बोरिया-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार बोरिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजीत राजपूत-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राजाराम राजपूत के पुत्र श्री संजीत राजपूत (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई शीतलामाई बंबा देवी निवासी श्री शिव प्रसाद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई कोरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महादेव प्रजापति-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री महादेव प्रजापति (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अमन सिंह-** जोगनी नगर छापर रामपुर निवासी श्री संतोष सिंह के पुत्र श्री अमन सिंह (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## जिला स्तर पर 23,387 विद्यार्थियों की 654 स्कूलों को 13,58,47,081 की राशि हुई जारी

### प्रदेश में 8.45 लाख विद्यार्थियों की बीस हजार से अधिक स्कूलों को 489 करोड रुपए की हुई राशि जारी

## निःशुल्क अध्ययनरत विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति राशि जमा की गई अशासकीय विद्यालयों में

हरिभूमि जबलपुर।



जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार आज दिनांक 29 सितंबर 2025 को जिला स्तर पर स्मॉल वंडर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्देवबाग में शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्ययनरत बच्चों की फीसप्रतिपूर्ति का सिंगल क्लिक के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा राशि जारी करने के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया. यह कार्यक्रम जिले के शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश देने वाले समस्त अशासकीय विद्यालयों में भी लाइव दिखाया गया. माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जहां पूरे प्रदेश में 20,000 से अधिक स्कूलों में शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्यनरत 8.45 लाख विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति हेतु 489 करोड रुपए की राशि जारी की गई. वहीं जिले में 654 अशासकीय स्कूलों में शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्यनरत 23,387 विद्यार्थियों की 13,58,47,081 की राशि जारी की गई. कार्यक्रम में डीपीसी योगेश शर्मा के द्वारा शिक्षा अधिकार अधिनियम अंतर्गत निःशुल्क अध्यनरत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद भी किया गया. सभी ने स्कूल की कार्यप्रणाली, गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं पर संतोष जताया.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ. साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई. कार्यक्रम में जिला प्रोग्रामर पारूल राय,बीआरसी डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक, विद्यालय प्राचार्य विलियम डायस, संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## टाटा कैपिटल का आईपीओ छह अक्टूबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल ने अपने बहुप्रतीक्षित 15,512 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 310-326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम छह अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और आठ अक्टूबर को बंद होगा।

## रिलायंस पावर सिंगापुर की बायोट्रस्टर को बेचेगी हिस्सा




**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की अनुषंगियों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर की बायोट्रस्टर प्राइवेट लिमिटेड को करीब 1.2 करोड़ डॉलर में बेचने की सोमवार को जानकारी दी। प्राइवेट लिमिटेड और बायोट्रस्टर (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## अमेजन फ्रेश ने किया 270 से ज्यादा शहरों में विस्तार




**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने सोमवार को अपनी ऑनलाइन किराना सेवा 'अमेजन फ्रेश' का देश के 270 से ज्यादा शहरों में विस्तार करने की घोषणा की। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने त्योहारी बिक्री के दौरान यह सेवा विस्तार किया है और इसमें गोरखपुर, देहरादून, जालंधर, कोयंबटूर, नेल्लोर, जमशेदपुर और दुर्गापुर शामिल हैं।

## वीवर्क इंडिया का आईपीओ तीन अक्टूबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** सह-कार्यशील स्थान परिचालक वीवर्क इंडिया ने अपने आगामी 3,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 615 से 648 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरे तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि यह निर्गम सार्वजनिक अभिदान के लिए तीन अक्टूबर को खुलेगा और सात अक्टूबर को बंद होगा।

## शील बायोटेक का आईपीओ 30 सितंबर को खुलेगा

Sheel Biotech Limited

**नई दिल्ली।** जैव प्रौद्योगिकी आधारित कृषि समाधान प्रदाता कंपनी शील बायोटेक ने अपने 34.02 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 59-63 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि आईपीओ अभिदान के लिए 30 सितंबर को खुलेगा और तीन अक्टूबर को बंद होगा।

# दुनिया की आठवीं मोस्ट-वैल्युएबल ऑटोमेकर कंपनी बनी भारत की 'मारुति'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कार निर्माता मारुति सुजुकी ने ग्लोबल ऑटो इंडस्ट्री में अपनी ताकत का फिर से सबूत दिया है। कंपनी ने दुनिया के सबसे वैल्युएबल ऑटोमेकरों की लिस्ट में आठवां स्थान हासिल किया है। बता दें कि मारुति सुजुकी की कुल मार्केट कैप लगभग 57.6 बिलियन डॉलर है।

- ग्लोबल रैंकिंग में नंबर एक पर रही टेस्ला
- मारुति सुजुकी का कुल मार्केट कैप लगभग 57 .6 बिलियन डॉलर

इस उपलब्धि के साथ मारुति सुजुकी ने फॉक्सवैगन, फोर्ड, जनरल मोटर्स जैसे दिग्गजों से आगे निकल गई है। खबर के अनुसार, भारतीय मार्केट में बजटफ्रेंडली छोटी कारों ने कंपनी को घरेलू ग्राहकों के बीच मजबूत पकड़ दी है। कंपनी के वैश्विक निर्यात में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## मारुति सुजुकी ने फोर्ड और फॉक्सवैगन को भी पीछे छोड़ा

### जीएसटी में कमी का फायदा

मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, मारुति सुजुकी की यह ग्लोबल सफलता कई कारकों का नतीजा है। इनमें से एक महत्वपूर्ण वजह भारत में नए जीएसटी स्ट्रक्चर का होना है। बता दें कि जीएसटी सुधार के बाद कंपनी की छोटी कारों की कीमतें और अधिक किफायती हो गई हैं जिससे ग्राहकों की बुकिंग में भारी उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, नए जीएसटी स्ट्रक्चर के बाद विदेशी निवेशकों की नजरें भारतीय ऑटो स्टॉक्स पर लौट आई हैं जिससे को सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में देखा जा रहा है।



### नंबर-1 पर है टेस्ला

ग्लोबल रैंकिंग की बात करें तो टेस्ला इस समय टॉप पर है। टेस्ला का मार्केट कैप 1.4 ट्रिलियन डॉलर है। इसके बाद टोयोटा का स्थान है जिसकी मार्केट कैप 314 बिलियन डॉलर है। जबकि तीसरे स्थान पर बीवाईडी है, 133 बिलियन डॉलर के साथ। इसके अलावा, फेरारी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 57.6 बिलियन डॉलर है जो फोर्ड (46.3 बिलियन डॉलर), जनरल मोटर्स (57.1 बिलियन डॉलर) और फॉक्सवैगन (55.7 बिलियन डॉलर) से अधिक है।

### *कुल बिक्री में 60 प्रतिशत से ज्यादा छोटी गाड़ियों का योगदान*

*भारत की सबसे बड़ी कार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की 60 प्रतिशत से ज्यादा बिक्री छोटी कारों से होती है। 22 सितंबर को लागू हुए नए जीएसटी सिस्टम का भी सबसे ज्यादा फायदा मारुति को ही मिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मारुति सुजुकी इंडिया का मार्केट कैप फोर्ड मोटर, जनरल मोटर्स और फॉक्सवैगन से आगे निकल गया है। ये सभी कंपनियां पिछले महीने या तो स्थिर रहीं या रैंकिंग में नीचे गिर गईं। मारुति सुजुकी इंडिया की पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर का मार्केट कैप 29 बिलियन डॉलर है।*

## मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक शुरू

# 1 अक्टूबर को आरबीआई कर सकता है बड़ा ऐलान, घट सकती है ब्याज दर

- नीतिगत ब्याज दरों पर फैसला लिया जाएगा
- इस बार नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है
- कुछ 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जता रहे

*नीतिगत ब्याज दरों के बारे में फैसला करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को शुरू हो गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखा जा सकता है जबकि कुछ जानकारों ने 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जताई है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार को की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक तनाव और अमेरिका की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का ऊंचा शुल्क लगाए जाने से भारी दबाव बना हुआ है।

### इस साल एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी

रिजर्व बैंक इस साल फरवरी से अब तक तीन चरणों में नीतिगत रेपो दर में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती कर चुका है। हालांकि अगस्त की द्विमासिक समीक्षा में उसने रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए उसे 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा था।

### दिसंबर में कटौती संभव

गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट में रेपो दर को यथावत और नीतिगत रुख को तटस्थ रखे जाने की उम्मीद जताई गई है। हालांकि यह रिपोर्ट कहती है कि एमपीसी की दिसंबर में होने वाली अगली बैठक में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती हो सकती है।




### घरों की खरीद तेज होगी

घरों की बिक्री के ऑनलाइन मंच हाउसिंग डॉटकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रवीण शर्मा ने कहा, /"त्योहारी मौसम घरों की खरीदारी के लिहाज से सबसे माकूल समय रहता है। ऐसे में अगर आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती करता है तो इससे घरों की खरीद की रफ्तार को तेजी मिलेगी।/"

### त्योहारी मौसम में अच्छी बिक्री रहने की उम्मीद

हालांकि स्थिर रहने पर भी इस त्योहारी मौसम में बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीएलएस ई-सर्विसेज के चेयरमैन शिखर अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि मजबूत घरेलू मांग और हालिया जीएसटी सुधारों को देखते हुए रिजर्व बैंक फिलहाल इंतजार करने की रणनीति अपना सकता है।

### ब्याज में कटौती से घर खरीदने की क्षमता बढ़ेगी

क्रिसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने भी कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के निचले स्तर पर रहने के बीच रेपो दर में कटौती से घरों की खपत तेज होगी। बेटर चॉइस रियल्टर्स के मुख्य बिक्री अधिकारी अजय त्यागी ने कहा, जीएसटी कटौती के साथ दर कटौती होने से लोगों की घर खरीदने की क्षमता और बढ़ेगी।

### खुदरा मुद्रास्फीति सुस्त

हालांकि बजाज ब्रोकिंग की रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार आमतौर पर दरों में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र का मानना है कि खुदरा मुद्रास्फीति सुस्त रहने और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के स्लैब में बदलाव से करों के बोझ में आई कमी से नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश दिख रही है।

## टेस्ला ने भारत में 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू की



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने जुलाई में पेश किए गए वाहन 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मॉडल की पेशकश के दो महीने के भीतर ही इसकी आपूर्ति शुरू करना भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने बताया कि नए मॉडल वाई के खरीदारों को उनके घर के भीतर चार्जिंग की आसान सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में मुफ्त वॉल कनेक्टर भी दिया जाएगा। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का मॉडल वाई वर्ष 2023 और 2024 में दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा है।

- नए मॉडल में घर के भीतर चार्जिंग की आसान सुविधा
- पार्किंग क्षेत्र में मुफ्त वॉल कनेक्टर भी दिया जाएगा

### दो संस्करणों में होगी उपलब्ध

कंपनी ने इसे भारत में नए सिरे से डिजाइन कर पेश किया है। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध है जिसकी रेंज क्रमशः 500 किलोमीटर और 622 किलोमीटर है। उसने कहा कि लंबी दूरी वाले संस्करण की आपूर्ति जल्द ही शुरू की जाएगी।कंपनी ने जुलाई में मुंबई और अगस्त में दिल्ली के एयरोसिटी में अपने अनुभव केंद्र भी खोले हैं।

# रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सात पैसे टूटकर 88 .79 प्रति अमेरिकी डॉलर
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी जारी रही

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और जोखिम से बचने की धारणा में वृद्धि के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रहा है। इसके अलावा, एक अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों से रुपये और सरकारी बॉन्ड की चाल पर असर पड़ने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और अंततः सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अब तक का इसका सबसे निचला बंद स्तर है। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा और जिंस) अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि कमजोर घरेलू बाजारों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया कमजोर बना रहेगा।

### क्रूड आयल में गिरावट

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 61.52 अंक गिरकर 80,364.94 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 19.80 अंक टूटकर 24,634.90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

## अटलांटा 14 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** बिजली, वाहन और इन्वर्टर के ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 754 रुपये से करीब 14 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ।

बीएसई पर शेयर ने 858.10 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 13.80 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। बाद में यह 14.54 प्रतिशत चढ़कर 863.70 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 13.66 प्रतिशत के बढ़त के साथ 857 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,323.21 करोड़ रुपये रहा। अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 70.63 प्रतिशत अभिदान मिला।

# शेयर बाजार में सातवें दिन भी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने और बैंक शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में मामूली गिरावट के साथ लगातार सातवें दिन नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 61 अंक और निफ्टी में 20 अंक की गिरावट रही। इस सप्ताह के मध्य में नीतिगत ब्याज दरों पर आरबीआई का निर्णय आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा लगातार विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशक धारणा कमजोर रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद 61.52 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,851.38 के ऊपरी और 80,248.84 के निचले स्तर को भी छुआ।

- सेंसेक्स 61 अंक टूटा, निफ्टी भी कमजोर

*मारुति के शेयर में रही गिरावट :सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से मारुति, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट रही। हालांकि, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, इटर्नल और ट्रेंट के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

## यूएसटी, केंस सेमीकॉन के साथ लगाएगी उद्यम...



**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी यूएसटी ने भारतीय सेमीकंडक्टर निर्माता केन्स सेमीकॉन के साथ एक संयुक्त उद्यम की सोमवार को घोषणा की। इसके तहत गुजरात के साणंद में 3,330 करोड़ रुपये की ओएसएटी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) सुविधा स्थापित की जाएगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह निवेश इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक वाहनों, नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने में यूएसटी और केन्स सेमीकॉन के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देगा। साथ ही इससे भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। यूएसटी की विश्वव्यापी उपस्थिति और मौजूदा सेमीकंडक्टर ग्राहक आधार इसे केन्स सेमीकॉन के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बनाते हैं।

## मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीएए3' पर बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। स्थानीय-मुद्रा और विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग, किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती।

MP POWER MANAGEMENT CO. LTD.
Rampur, Jabalpur
TENDER INVITATION

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2025_MPPMC_454582_1 |
| 2 | Tender Specification No. | EE/C/I/1088 |
| 3 | Tender Type/Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | Renewal of existing bituminous surface of colony area of Rampur & Nayagaon at MPPMCL Rampur, Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 16-Oct-2025 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 22-Oct-2025 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 885/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs. 36,000/- |
| 9 | Eligibility of Contractor | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11 | Contact No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

Note - The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/122346/2025 EXECUTIVE ENGINEER (Civil) Dn-I

पैदल यात्रियों और दृष्टिबाधित लोगों की सुरक्षा बढ़ेगी

# ईवी में 2027 से लगानी होगी ध्वनि चेतावनी प्रणाली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक अक्टूबर, 2027 से सभी इलेक्ट्रिक कारों, बसों और ट्रकों में 'ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली' (अवास) को अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है। 'अवास' प्रणाली एक ऐसी सुरक्षा तकनीक है जिसे खासकर इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के लिए बनाया गया है। दरअसल ये वाहन कम गति पर लगभग बिना आवाज के चलते हैं, जिससे पैदल यात्रियों, खासकर दृष्टिबाधित लोगों को उनके आने का पता नहीं चल पाता है।

- कार, बसों और ट्रकों में अवास को अनिवार्य करने का प्रस्ताव

### कुछ देशों ने पहले ही ध्वनि प्रणाली की अनिवार्य

श्रेणी एम के इलेक्ट्रिक वाहनों में यात्री परिवहन के लिए बनाई गई इलेक्ट्रिक कारें और बसें आती हैं जबकि श्रेणी एन के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक और मालवाहक वाहन शामिल हैं। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के कुछ देशों ने पहले ही हाइब्रिड वाहनों में अवास ध्वनि प्रणाली के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।



### अक्टूबर 2026 से नए वाहनों में अवास जरूरी होगा

मंत्रालय ने इस संबंध में जारी मसौदा अधिसूचना में कहा है कि अक्टूबर 2026 के बाद विनिर्मित इलेक्ट्रिक यात्री एवं मालवाहक वाहनों के सभी नए मॉडलों में अवास प्रणाली अनिवार्य रूप से मौजूद होनी चाहिए।

### अवास प्रणाली में स्पीकर कृत्रिम ध्वनि पैदा करते हैं

ऐसे में जोखिम को कम करने के लिए इन वाहनों में लगी अवास प्रणाली के स्पीकर कृत्रिम ध्वनि पैदा करते हैं, जिसकी तीव्रता और स्वर वाहन की गति और दिशा के हिसाब से बदलते रहते हैं। इससे सड़क पर चल रहे लोग वाहन की मौजूदगी और उसकी गति का अंदाजा लगा पाते हैं।

### वाहनों को संबंधित शर्तें पूरी करनी होगी

अधिसूचना में कहा गया है, /"नए मॉडलों के मामले में एक अक्टूबर, 2026 एवं उसके बाद और मौजूदा मॉडलों के मामले में एक अक्टूबर 2027 को, श्रेणी एम और एम के इलेक्ट्रिक वाहनों में समय-समय पर संशोधित एआईएस-173 में निर्दिष्ट श्रव्यता संबंधी शर्तों को पूरा करने वाले अवास लगाए जाएंगे।/"

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
अर्थिंग सिग्नल के मजबूतीकरण किए जाने के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:
**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-A Route-Earthing-25 दिनांक: 24.09.2025
**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल के 'A' Route स्टेशनों पर पुराने EI प्रतिष्ठानों एवं MSDAC के अर्थिंग को मजबूतीकरण द्वारा विश्वसनीयता में सुधार।
**निविदा मूल्य:** ₹ 3,15,76,877/-
**बयाना राशि:** ₹ 3,07,900/-
**समापन अवधि:** 12 महीने
**ई-निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **15.10.2025** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे।
निविदा सम्बद्ध विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता,
FL/28-139 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय मध्य वनवृत्त स्टेशन रोड जबलपुर - 482001
दूरभाष क्र. 0761-2624341 ई-मेल- ccf.jbp@mp.gov.in
ईमारती काष्ठ, जलाऊ काष्ठ के परिवहन हेतु संक्षिप्त शुद्धि पत्र विज्ञप्ति की सूचना वर्ष 2025 - 2026
मध्यवृत्त जबलपुर के अन्तर्गत वर्ष 2025 2026 में उत्पादन वनमंडल मंडला / उत्पादन वनमण्डल डिन्डौरी में उत्पादित ईमारती काष्ठ / जलाऊ काष्ठ तथा कालपी डिपो से दिल्ली डिपो ईमारती काष्ठ के परिवहन हेतु परिवहन समूहों की निविदा का विज्ञापन दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र मत / पत्रिका / हरिभूमि मे दिनांक 02 एवं 03 सितम्बर 2025 को किया गया था
कार्यालय मध्य वन वृत्त जबलपुर / संबंधित वनमंडल कार्यालय में आयोजित की निविदाओं/नीलाम में भाग लेने हेतु प्रत्येक परिवहन कर्ता के पास वैध जीवित जी. एस. टी. एन. नम्बर होना अनिवार्य रहेगा । शेष निविदा शर्ते पूवार्नुसार रहेगी ।
वनसंरक्षक
मध्यवृत्त जबलपुर
G-19359/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# टीम इंडिया ने पाक को किया अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब

टीम इंडिया ने बिलकुल वैसा ही किया जैसा किया जाना चाहिए था। आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है और टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को जिस तरह से सबक सिखाया, उससे न केवल अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाक की किरकिरी हुई, बल्कि विश्व बिरादरी में यह संदेश भी गया कि नया भारत दुश्मन को चौतरफा झटके देना जानता है। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदकर 9वीं बार खिताब तो अपने नाम किया ही बिना ट्राफी के जैसा जश्न मनाया वो भी काबिलेतारीफ है। भारतीय टीम का ये जश्न देखने लायक था, क्योंकि खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी लिए ही पाकिस्तानियों की छाती पर तांडव किया। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए पहले मैच से ही तनाव का माहौल था। टीम इंडिया ने तय कर लिया था कि वे पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ मैच में हाथ नहीं मिलाएंगे। लीग मैच में जीत के बाद उन्होंने ऐसा ही किया। इस पर पाकिस्तान की ओर से तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी आईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इसकी जरा भी परवाह नहीं की। इसके बाद पाकिस्तान के जख्मों पर नकम छिड़कते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत को भारत के आर्म्ड और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए फैमिली को इसे समर्पित कर दिया। सूर्यकुमार के इस कथन से पाकिस्तानियों को आग लग गई। इसके बाद सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ मैच में इशारेबाजी कर घटिया हरकत की। जिस पर टीम इंडिया ने आपत्ति जताई और तय कर लिया कि अगर वह फाइनल में पहुंचती है व चैंपियन बनती है तो वह पाकिस्तान के ही एसीसी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे। बता दें कि एशिया कप के चैंपियन को एसीसी के चीफ ही ट्रॉफी हैंडओवर करते हैं। ऐसे में टीम इंडिया ने पहले से ही तय प्लानिंग के मुताबिक मोहसिन नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं ली। मोहसिन नकवी स्टेडियम में ही बनाए गए मंच पर आए और लगातार घोषणा होती रही कि ट्राफी लें, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी इसे अनसुना करते रहे। लगभग आधे घंटे तक नकवी वहीं, खड़े रहे और फिर बेशर्मी दिखाते हुए ट्रॉफी को अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद जो हुआ उसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्टेज पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को बिना ट्रॉफी के जश्न मनाने के लिए कहा। फिर क्या था, अर्शदीप ने सबको बताया कि किसको, कैसे क्या करना है। उसके बाद कप्तान बिना ट्रॉफी लिए रोहित शर्मा के अंदाज में स्टेज पर चढ़े और चैंपियन की तरह एक्ट किया। इस एक्ट के दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी जमकर जश्न मनाते रहे। कप्तान ने जैसे ही ट्राफी ली सभी खिलाड़ियों ने जमकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि ट्राफी हाथ में न होने के बावजूद टीम इंडिया ने इस अंदाज में फोटो भी खिंचवाए जैसे कि ट्राफी से साथ किया जाता था। इस दौरान स्टेडियम में दुनियाभर के दर्शक, खेल प्रेमी मौजूद थे। भारतीय खिलाड़ियों के इस एक्ट ने सबके सामने आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया। पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम इंडिया ने न केवल पाकिस्तान को एक के बाद एक तीन बार हराया, बल्कि हर बार यह अहसास भी करवाया कि ये नया भारत है, जो न केवल जैसे को तैसा करना जानता है, बल्कि हर दुःसाहस का मुंहतोड़ जवाब भी देता है।



मंथन
मनोज कुमार अग्रवाल

तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। देश में कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा। हालांकि अपने देश में वास्तविकता यही है कि इतने हादसे होने के बावजूद भी भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। अब जरूरत है भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# ऐसी क्या दीवानगी जिसमें जाए जान

अजीब दीवानगी है एक चहेते हीरो की रानीतिक रैली में शामिल होने के लिए चालीस जान चली गई। अपने देश में भगदड़ से आम लोगों की मौत होना एक नियति बनती जा रही है, क्योंकि देश के किसी न किसी हिस्से में कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती हैं। इसका दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर ऐसे मामलों की लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए ऐसे दर्दनाक हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम बेहद कम ही उठाए जाते हैं। ऐसा ही मामला तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में देखने को मिला है। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा।

मिल रही जानकारी के अनुसार इस भगदड़ को लेकर कोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है। विजय उनकी पार्टी कोर्ट के सामने इस हादसे को लेकर संदेह जता रही है। इसके बाद करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटायर जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना।

इससे पहले विजय की पार्टी ने कोर्ट को बताया कि इस पूरे हादसे के पीछे एक सोची समझी राजनीतिक साजिश है, ये साजिश किसने रची इसकी जांच कराना भी बेहद जरूरी है। बता दें कि अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने शनिवार को करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साज़िश का आरोप लगाया है। इस भगदड़ में 40 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। टीवीके के वकील अरिवझगन ने बताया कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। वहीं, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजग के 8 सदस्यीय दल का गठन किया है। जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें जा चुकी हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं।

2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा इस साल की शुरुआत में 8 जनवरी को तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई।



मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए।

15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए।

बता दें इस से पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई।

दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर, 2012 पटना में गंगा के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए।

8 नवंबर, 2011 हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए। 14 जनवरी, 2011 केरल के इडुक्की के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए।

30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कंजक पूजन
डॉ. घनश्याम बादल



# आज के समय बहुत ज़रूरी है कन्या सशक्तिकरण

इस समय शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। नवरात्र में कन्या पूजन में भक्तजन कन्याओं को भोजन कराते हैं। नए वस्त्र और उपहार आदि भेंट करते हैं। यह दर्शाता है कि देश में कन्याओं का बहुत सम्मान है, लेकिन यदि वास्तव में कन्याओं का सम्मान है तो उन्हें समाज में उनका उचित स्थान क्यों नहीं मिल पाया है यह आज भी एक महा प्रश्नहै । किसी भी संस्कृति में अच्छी परंपराओं का निभाया जाना अच्छी बात है, लेकिन केवल परंपरा निर्वाह का दिखावा करना अच्छा संकेत नहीं है, बेहतर हो कि कन्या पूजन पर नया चिंतन करें। मान्यता है कि नौ देवियां देवी शक्ति का प्रतिरूप हैं और नौ अलग-अलग रूपों में ममत्व, वात्सल्य, पराक्रम, वीरता की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ दुष्ट दलन एवं भक्तों की रक्षा भी करती हैं। उनके प्रतीक रूप में ही कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब उन्हीं शक्तिरूपा कन्याओं का शोषण होता है तो समाज की नीयत पर भी संदेह होता है जो एक और तो कंजकों का पूजन करता है, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाता है। तो इन नवरात्रों में नए चिंतन के साथ मनाना सुनिश्चित करें।

भूखे को भोजन कराना पुण्य प्रदान करने वाला है। वर्तमान संदर्भों में यदि नवरात्र में देखें तो इसमें प्रायः संपन्न घरों की, आस पड़ोस की बच्चियों को ही भोजन करवाते देखा जाता है। कहीं, कूड़ा बीनती, सफाई कार्य करती या फिर दूसरों के घरों में काम करने वाली बाइयों की बच्चियों को बहुत कम ही लोग भेजन करवाते हैं। ऐसा कन्या भोज कितना उचित है आज इस पर विचार मंथन एवं चिंतन की ज़रूरत है। आज आवश्यकता है कि हम नवरात्र समय और परिस्थिति के अनुसार थोड़ा हटकर मनाएं। यदि केवल दिखावे के लिए या पुण्य कमाने के लिए कन्या पूजन करेंगे तो अपशकुन तय है।


चिकित्सा विज्ञान कहता है कि बहुत अधिक खाना या खाने में वसा होना स्वास्थ्य खराब कर सकता है, शरीर में बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और बच्चियां तो बहुत छोटी होती हैं नवरात्र में इन कन्याओं को कई-कई घरों में भोजन करते हुए देखा जा सकता है । अब बच्चों को तो ज्ञान नहीं और थोड़ा बहुत दक्षिणा में मिलने वाले पैसों का लालच भी आ जाता है। मगर यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें बीमारी का शिकार न बनने दें। बजाय पकवानों के पोषक तत्वों वाला संतुलित खाना उन्हें परोसें। इससे भी बेहतर हो कि उन्हें ड्राई फ्रूट आदि देने की परंपरा शुरु करें, ताकि बच्चे लंबे समय तक उन्हें खा भी सकें।

कंजक जिमने के पीछे भाव होता है कि बालिकाओं को सम्मान देना इसलिए सामाजिक रूप से ऐसा वातावरण तैयार करें कि केवल कन्याओं को ही नहीं संपूर्ण महिला शक्ति को सम्मान से जीने का वातावरण मिले। नवरात्र में दान करके भी पुण्य कमा सकते हैं, अनेक ऐसे लोग हैं जो पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं ले पा रहे हैं। इसके लिए आप अपने आसपास की किसी भी धार्मिक संस्था या एनजीओ को यह बता दें कि आप कितने लोगों को भोजन या वस्त्र आदि दान करना चाहते हैं और ऐसे में नियत समय पर आकर उनका प्रतिनिधि आपसे वह भोजन वस्त्र ले जाए तथा उस भोजन को जरूरतमंदों, कुष्ठ रोगियों अनाथालय आदि के जरूरतमंद लोगों को जिनमें कन्याएं भी हो सकती हैं खिला सकते हैं। साथ ही साथ अपनी श्रद्धा अनुसार उपयुक्त दक्षिणा राशि भी उस संस्था को दान भी दे सकते हैं । कन्या पूजन में ऐसे बच्चों की मदद करें, जिन्हें वास्तव में मदद की ज़रूरत है। यदि आप प्रतिवर्ष केवल एक कन्या को भी उसकी वार्षिक फीस यूनिफॉर्म पढ़ाई लिखाई का सामान आदि दे पाएं तो एक स्त्री जीवन को आप सचमुच शक्ति रूपा बनने में मदद कर रहे होंगे और यह सबसे अच्छी देवी आराधना होगी ।

बच्चियों को दक्षिणा में नकद पैसे न देकर यदि उनके लिए स्कूल की यूनिफॉर्म, किताबें उनके लिए पढ़ाई-लिखाई का सामान अथवा उनके खाने-पीने की ऐसी वस्तुएं दें जो लंबे समय तक में प्रयोग में ला सकें तो शायद नवरात्र कहीं अधिक सार्थक होगा। इससे भी बढ़कर अंत में भूलकर भी उपहार में प्लास्टिक का सामान न तो दें न ही प्लास्टिक के बर्तनों में उन्हें भोजन कराएं, क्योंकि इससे उनके शरीर में माइक्रोप्लास्ट के जाने का खतरा बढ़ जाता है और कैंसर होने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यदि सच्चे अर्थों में नवरात्र का पुण्य अर्जित करना है तो फिर निस्वार्थ भाव से कन्याओं को प्रोत्साहित करें उन्हें आत्म सुरक्षा कला,संस्कृति परंपरा एवं राष्ट्रीयता के साथ-साथ आत्म सम्मान की भावना का प्रशिक्षण ज़रूर दिलवाएं। ऐसा करके हम नवरात्र एवं बेटी दिवस दोनों को सार्थक कर सकते हैं। इसलिए संकल्प लें और कन्या सशक्तिकरण की दिया में कदम उठाएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।


# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मागती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

विश्व हृदय दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- नीलकंठ साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 'विकसित भारत रन' आयोजित की

लंदन में भारतीय उच्चायोग और ब्रिटेन स्थित वाणिज्य दूतावासों ने 'सेवा पर्व 2025' के अवसर पर कई 'विकसित भारत रन' कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समुदाय के सदस्यों ने 'सेवा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गौरव' के संदेश के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने रविवार को उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह संकल्प दुनिया भर के भारतीयों को देश की संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध करता है। वरिष्ठ राजनयिक ने बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत मध्य लंदन स्थित उच्चायुक्त के आधिकारिक आवास पर चेरी का एक पौधा लगाया जो 'धरती माता की पोषण भावना और अधिक टिकाऊ एवं हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता' को श्रद्धांजलि है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, ''हैरो में 'विकसित भारत रन' के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई। पहले कदम से लेकर आखिरी पड़ाव तक उन्होंने प्रतिबद्धता, दृढ़ता और एकता की भावना को मूर्त रूप दिया।'



## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार

यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में



मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

## ट्रेंड

### अद्वितीय मिसाल



दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं का इतिहास संघर्ष और समर्पण की अद्वितीय मिसाल रहा है। इन्होंने हर चुनौती के बीच ना केवल संगठन को जीवंत रखा, बल्कि इसे सशक्त बनाने में भी अपना अद्भुत योगदान दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### किसान होता है खुश



किसान का हृदय तब प्रसन्न होता है जब फसल फलती-फूलती दिखाई देती है। हमने शिमला मिर्च की खेती की थी और आज बेहतरीन क्वालिटी की शिमला मिर्च हमारे हाथ में है। मेहनत लगी, परिणाम सुखद है। अब ये बाजार में बिकने भी जा रही है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री


### एआई तारीफ कर रहा



समाजवादियों द्वारा बनवाए गए 'आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे' की तारीफ़ तो एआई भी कर रहा है। ईमानदारी से पूरे किए गए संकल्प ही ऐतिहासिक बनते हैं और बड़े कामों की फेहरिस्त में अपनी जगह बनाते हैं। समाजवादी काम, जनता के नाम।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### सच्चाई का आकलन



क्या हो अगर आपको जो कुछ भी सिखाया गया है वो सब झूठ हो? सच सिर्फ़ छुपाया नहीं जाता, उसका मूल रूप से आकलन किया जाता है। दा तेज स्टोरी में 31 अक्टूबर को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में सच्चाई उजागर करेंगे।

-परेश रावल, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# नवरात्र पर जबलपुर में माता रानी की अनुपम झांकियां



## या देवी सर्वभूतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः



नुनरहाई की दुर्गा जी




सुनरहाई की दुर्गा मां



शिवधाम दुर्गोत्सव समिति शिव पार्क कचनार सिटी में विराजी माता सिंहवाहिनी




मां राजेश्वरी मां शंकर नगर सुहागी



दीनदयाल क्षेत्र की माता भवानी



दीनदयाल चौक पर विराजी माता रानी



उत्साह परिवार अशोकनगर अधारताल



दीनदयाल चौक की माता



मां शारदा विजयनगर चौक की माता रानी



आदर्श बाल मंडल दुर्गोत्सव समिति उपरैनगंज दीक्षितपुरा नटबाबा की गली



माँ महाकाली परिवार समिति गुप्तेश्वर वार्ड



चेरीताल पारिजात बिल्डिंग के पीछे मैदान में विराजी माता रानी की भव्य प्रतिमा व झांकी




विशाल दुर्गा उत्सव समिति हाथीताल गुरुद्वारा



अधारताल इंडस्ट्रियल एरिया में विराजी माता की अनुपम छवि



दीप कला मंदिर न्यू शोभापुर



श्री महाकाल महामाया गोकलपुर



गोकुलपुर की महारानी



जल शोधन केंद्र में विराजी रांझी की सेठानी



युवा दुर्गा उत्सव समिति रांझी जल शोधन गेट



गांधी व्यायाम शाला दुर्गा उत्सव समिति रांझी

# पंजाबी दशहरा महोत्सव 1 अक्टूबर को

## आकाश पर छायेंगे आतिशी सितारे, ग्वारीघाट में बिखरेगी मनोहारी छटा



**जबलपुर।** पंजाबी दशहरा में इस बार 01 अक्टूबर को जहां 75 फुट ऊंचे विशालकाय रावण एवं कुंभकरण के पुतलों का दहन होगा, वहीं दूसरी ओर रोमांचकारी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। इस वर्ष 73वां पंजाबी दशहरा में प्रख्यात शिवाकाशी, भारतीय अन्य आतिशबाजी का बेजोड़ प्रदर्शन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी पंजाबी हिन्दू एसोसियेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र पाल मलिक, नरेश ग्रोवर, इंदर बिरमानी,उमेश खुराना, मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा, राजीव ओबेराय एवं महिला समिति अध्यक्ष उषा खुराना, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अंशुल मलिक ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अश्वरोही दल, दुलदुल घोड़ी, भगवान की झांकी, रंग-बिरंगी डिस्को लाइट, डांडिया प्रदर्शन कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। साथ ही इस बार मुंबई से 10 सदस्यीय टीम फायर शो एवं आतिशबाजी का बेजोड़ प्रदर्शन करेगी।आयोजकों ने बताया कि पंजाबी दशहरा ग्वारीघाट में बुधवार 01 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से भगवान श्रीराम के पूजन अर्चन के साथ पंजाबी दशहरे का शुभारंभ डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज के आशीर्वचन से होगा एवं मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद आशीष दुबे, विवेक तन्खा, सुमित्रा वाल्मीक उपस्थिति रहेंगी। विशेष अतिथि जगतबहादुर सिंह अन्नू महपौर, रिंकुज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत करेंगे।

पत्रकार वार्ता में संस्था अध्यक्ष नरेन्द्रपाल मलिक, नरेश ग्रोवर, इंदर बिरमानी, डॉ. राजीव ओबेराय, उमेश शर्मा, सुधीर मेहता, अंशुल मलिक, प्रमोद मरवाहा, रघुवर कपूर, पंकज सेठी, नीरज बोत्रा, गुलशन माखीजा, प्रदीप वाधवा, संजय अरोरा, दीपक चंडोक, दीपक वर्मा, संजीव मलिक, संदीप सेठी, अजीत मिनोचा, मनमोहन कोचर, संजीव गुलाटी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूरे भारत की केंट छावनी के हित के लिए चुनाव ज़रूरी

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री को पत्र भेजा

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण द्वारा अफसरों की मनमानी पर रोक लगाने और जनता और व्यापारियों पर अपने मनमाने केंट अफसरों के फैसलों को रोकने के लिए चुनाव जरूरी प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और गृहमंत्री को लिखा पत्र और पिछले पाँच वर्षों से देश की विभिन्न छावनी परिषदों में चुनाव नहीं हुए हैं। जन प्रतिनिधियों के अभाव में छावनी क्षेत्रों की जनता एवं व्यापारीगण अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। वर्तमान में छावनी परिषदों का संचालन केवल अधिकारियों के माध्यम से हो रहा है, जिसके कारण मनमानी निर्णय लिए जा रहे हैं और आमजन को न्याय नहीं मिल पा रहा है। जनप्रतिनिधि न होने से जनता और व्यापारियों की समस्याएँ अनसुनी रह जाती हैं, जिससे असंतोष का माहौल बन रहा है। यदि समय पर चुनाव आयोजित किए जाएँ, तो निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की आवाज बनकर परिषद में उनके हितों की रक्षा कर सकते हैं और पारदर्शी, जनहितकारी निर्णय सुनिश्चित कर सकते हैं। देश की सभी छावनी परिषदों में लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु शीघ्र चुनाव की घोषणा कराई जाए, ताकि जनता को उसका अधिकार मिल सके और परिषदों का संचालन सुचारू एवं जनहित में हो सके। इसमें डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. आशीष डेंग्रा, कमरूल इस्लाम खान, जुबेर रज़, एड. अंकित मिश्रा, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. रोशन मंघवानी, एड विवेक शुक्ला, एड. विजय बवारिया, एड अमित खत्री, एड. अमित शर्मा, एड. शाहिद अली, एड सूरज गुप्ता आदि शामिल हुए।



# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत ली अंगदान की शपथ

**जबलपुर।** संत अलायसियस महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा-योजना इकाई ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचकर मरीजों के साथ समय व्यतीत किया, साथ ही फूल व मास्क का भी वितरण किया। कार्यक्रम फादर डॉ येन एन्टोनो शोज के निर्देशन में डॉ अभिलाषा शुकुल के संयोजन में आयोजित किया गया। छात्राओं द्वारा अस्पताल मैनेजमेंट स्टाफ से साथ मिलकर शपथ दिलवाई। छात्राओं द्वारा अंगदान स्वच्छता की शपथ के बारे में अस्पताल कैम्पस में जनजागरूकता स्वयंसेवकों ने अंगदान की जानकारी भी रैली के माध्यम से दी। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ संजय मिश्रा. का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही अस्पताल प्रबंधन में कुलदीय सोनकर, कमलेश रैदास, अमित सोमी, छात्राओं में, सासी, नीलम समर्थ, सोहेब का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रियांशी, रिया, दीपाली, वैष्णवी ने शपथ दिलवायी। ये छात्राएं इस अभियान में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगातार कार्य करती रहेंगी।

# आम आदमी पार्टी ने मनाई शहीद भगत सिंह जयंती



**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती के अवसर पर कटंगा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।पार्टी के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह, आदेश दुबे, सरदार बलराज सिंह, सोनू भट्टाचार्य, वसीम खान, त्रिलोकीनाथ त्रिपाठी, चंद्रभान विश्वकर्मा, मदन शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे।अपने संबोधन में नेताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता संग्राम के समय थे। उन्होंने कहा कि देश को भ्रष्टाचार, अन्याय और असमानता से मुक्त कराने के लिए भगत सिंह के आदर्शों पर चलना होगा। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।



## श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर के जवारों का विसर्जन जुलूस आज

**जबलपुर।** गोरखपुर श्री खेरमाई दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शारदेय नवरात्रि पर 22 सितम्बर को माँ खेरमाई दुर्गा मंदिर गोरखपुर में घट स्थापना के साथ जवारा कलशों की स्थापना की गई थी, बैठकी से अष्टमी तिथि तक प्रतिदिन मंदिर समिति सदस्यों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों द्वारा माता की महाआरती शाम 7.30 बजे की गई। नवमी तिथि पर 30 सितम्बर को मंदिर प्रांगण में कन्या भोज के उपरांत शाम 06 बजे से जवारों का विसर्जन जुलूस प्रारंभ होगा।

# शिक्षक एकता ही हमारी ताकतः भोपाल चलो आंदोलन को सफल बनाने लिया संकल्प

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की जिला स्तरीय बैठक आज प्रांताध्यक्ष भरत पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यापक-शिक्षक संवर्ग की पेंशन में नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना, पेंशन संबंधी अन्य प्रावधान, ई-अटेंडेंस की समस्याएँ, स्थानीय मुद्दों के निराकरण तथा आगामी प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि जब तक हम सब एकजुट नहीं होंगे, तब तक हमारी मांगों का समाधान नहीं होगा। यदि वास्तव में समस्याओं का निराकरण कराना है, तो सभी साथियों को एक साथ भोपाल चलना होगा। संघ के प्रदेश महासचिव गोविंद बिसेन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भोपाल में संघ द्वारा सम्मेलन करने की सहमति प्रदान की है। आप सभी भोपाल चलने को तैयार रहें। बैठक में शिक्षकों की व्यक्तिगत व सामूहिक समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया और उनके समाधान पर चर्चा हुई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे जिनमें मुख्य रूप से गोविंद बिसेन (महासचिव), शिवकुमार चौबे (जिला अध्यक्ष), चंद्रभान सिंह कौरव, दीनानाथ चौधरी पटेल, के.के. साहू, देवेंद्र राजपूत, सोमा चौधरी, गीता चौहान, सुचित्रा पांडे, मुकेश सोनकर, राकेश मिश्रा, सौमित्र दुबे, सुल्तान सिंह, सुनीता पिल्लई, लखन दुबे, शारदा झारिया, संतोष मेहरा, शैलेष पंड्या, वसंत नामदेव, शरद शुक्ला, अरविंद तिवारी एवं खड़गराम पटेल आदि शामिल थे।सभी साथियों ने संकल्प लिया कि आगामी आंदोलनों और कार्यक्रमों में वे प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में तन-मन-धन से सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक के दौरान संगठन को और सशक्त बनाने के लिए नियुक्तियाँ भी की गईं। इसमें वसंत नामदेव को शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष तथा सुल्तान सिंह को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। यह नियुक्तियाँ जिला अध्यक्ष शिवकुमार चौबे एवं वरिष्ठ साथी चंद्रभान सिंह कौरव की अनुशंसा पर की गईं।



# संस्था कार्यालय परिसर में वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ

**जबलपुर।** नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लि. जबलपुर में दिनांक 28/09/2025 को संस्था कार्यालय परिसर में वार्षिक आमसभा का आयोजन अध्यक्ष रजत भार्गव की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सोसाइटी के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, समिति के अध्यक्ष रजत भार्गव ने पूर्व में कराए विकास कार्य की जानकारी एवं आगामी वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों के विषय में चर्चा की, बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए एवं समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये, विषयवस्तु जैसे बजट वर्ष 2024-25 एवं 2025-26, आडिट वर्ष 2024-25, सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव आदि विषयों पर चर्चा कर सभी सदस्यों द्वारा प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य अजय विश्नोई एवं संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, माधवी महेश्वरी एवं संचालक मंडल के अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रजत भार्गव के द्वारा समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## दुर्गोत्सव पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का 350 पीड़ितों ने लाभ लिया



**जबलपुर।** नव जागृति दुर्गोत्सव महाकाली समिति त्रिमूर्ति नगर 90 क्वार्टर के तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण किया गया जिसमें 350 से अधिक रोगियों ने लाभ लिया, जिसमें डॉ प्रियंक दुबे (मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ आकाश गुहेरिया (बीपी डायबिटीज विशेषज्ञ), डॉ कृतज्ञ पटेल, डॉ आशीष नेमा, डॉ कृति नेमा (नेत्र रोग विशेषज्ञ सर्जन) एवं पैथ काइंड पैथोलॉजी ने अपनी सेवाएं दी। समिति प्रमुख आशीष यादव, सौरभ तिवारी, संजय शास्त्री, शांतम यादव, अनूप नामदेव आदि ने बताया कि इस तरह के सामाजिक कार्य प्रतिवर्ष समिति के माध्यम से किए जाते हैं एवं आगे भी करते रहेंगे।

# जबलपुर-कटनी जिले का दो-दिवसीय वार्षिक इज्तेमा गाजीबाग जबलपुर में सामूहिक दुआ के साथ संपन्न



**जबलपुर।** जबलपुर-कटनी जिले का दो-दिवसीय वार्षिक इज्तेमा गाज़ीबाग़ ग्राउंड, जबलपुर में अत्यंत सफलतापूर्वक माहौल में संपन्न हुआ। इस धार्मिक समागम में जबलपुर- कटनी जिले सहित आस-पास के जिलों के बड़ी संख्या में उलेमा-ए-कराम, बुजुर्गान एवं आम लोगों ने भाग लेकर इसे सार्थक बनाया। इज्तेमा के दोनों दिनों में ईमान की इस्लाह (सुधार), अमल में पाबंदी, सुन्नत के पालन के महत्व और दीन की दावत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत बयानात हुए।

इज्तेमा के पहले दिन मुफ्ती सलमान क़ासमी साहब ने अपना विस्तृत बयान प्रस्तुत किया। उन्होंने सुन्नत की पाबंदी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पैगंबर-ए-करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का हर काम और हर कहा हुआ शब्द हमारे लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने उम्मत की सामूहिक इस्लाह (सुधार) और दीन पर डटे रहने (सब्र व इस्तिक़ामत) की प्रेरणा दी।

दूसरे दिन नमाज-ए-अस्र के बाद नागपुर से पधारे इफ्तिखार साहब ने अपना बयान दिया। उन्होंने अख़्लाक-ए-हसीना (अच्छे चरित्र) की अहमियत बताते हुए कहा कि एक अच्छा मुसलमान ही दीन की दावत को सबसे बेहतर तरीके से पहुँचा सकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने व्यवहार और आचरण से इस्लाम की खूबसूरती को दुनिया के सामने पेश करें।इज्तेमा के समापन सत्र में नमाज़-ए-मगरिब के बाद भोपाल से पधारे मौलाना ज़कारिया हफ़ीज़ साहब ने एक दिल को छू लेने वाला बयान फरमाया। उन्होंने अपना संबोधन यह कहकर शुरू किया कि दुनिया की हर चीज़ फानी है और कयामत के दिन के लिए तैयारी ही एकमात्र सच्ची कामयाबी है। उन्होंने कुरआन और हदीस की रौशनी में तीन मुख्य बातों पर प्रकाश डाला। सबसे पहले, उन्होंने दीन की समझ (फिक्र) पैदा करने पर जोर देते हुए कहा कि अगर दुनिया के लिए निकाले जाने वाले वक्त का एक हिस्सा दीन सीखने में लगाया जाए तो जीवन की कई परेशानियाँ आसान हो सकती हैं। दूसरे, उन्होंने अमल की पाबंदी को जरूरी बताते हुए कहा कि सिर्फ जानना ही काफी नहीं है, बल्कि नमाज़, रोज़ा जैसे फराइज पर अमल करना ही सच्चे मोमिन की पहचान है। तीसरे और अंत में, उन्होंने सभी विशेषकर युवाओं को संबोधित करते हुए दावत और तबलीग के फर्ज की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि अपने गाँव-कस्बों में दीन का पैगाम पहुँचाना और इसके लिए वक्त निकालना एक ऐसा सदक़ा-ए-जारिया है जिसका सवाब कयामत तक मिलता रहेगा।



# 69वां डीजीक्यूए दिवस धूमधाम से मनाया गया

**जबलपुर।** 69वां डीजीक्यूए स्थापना दिवस गुणता आश्वासन नियंत्रणालय (शस्त्र) जबलपुर में 26 सितम्बर को मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर समीर सिंह नियंत्रक थे। नियंत्रणालय के सभी अधिकारी, स्टाफ एवं कामगार के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में एन मनोहरन, डीजी, डीजीक्यूए के संदेश का वाचन डीएस ठाकुर व.वै. अधिकारी द्वारा किया गया। कार्मिकों एवं बच्चों ने मिलकर 30 सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इसी कार्यक्रम में वर्ष 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को डीजीक्यूए कमेंडेशन सर्टिफिकेट विथ बैज, अपर महानिदेशक (आयुध) का प्रशंसा प्रमाण पत्र, नियंत्रक प्रशंसा पत्र एवं नियंत्रक कैश अवार्ड से 59 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। वार्षिक खेलकूद 2024-25 के विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया, वहीं पांचवीं से बारहवीं तक के अच्छे अंक पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से नवाजा गया। अंत में नियंत्रक ब्रिगेडियर समीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कार्मिकों के सराहनीय कार्य एवं भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहने को कहा।

# गैबीनाथ मंदिर गढ़ा में गरबा आयोजित किया गया



**जबलपुर।** गैबीनाथ महिला मंडल द्वारा गैबीनाथ परिसर में मां अम्बे की भक्ति में गरबा का आयोजन किया गया, जिसमें रंग-बिरंगे परिधानों में मातृ शक्तियों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां की गईं एवं नवरात्र के उपलक्ष्य में श्रृंगार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के आयोजन में सपना तिवारी, रजनी तिवारी, संगीता अवस्थी, नीलू कुररिया, मधु बड़गैया, निधि तिवारी, निधि अवस्थी, जयश्री दुबे, शिखा दुबे, प्रतिभा दुबे, नेहा उपाध्याय, आरती अवस्थी, सीमा तिवारी का सहयोग रहा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा से कविता दुबे एवं अन्य मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं। गरबा के आयोजन का ये द्वितीय वर्ष था।

## स्व. शरद यादव की प्रतिमा ललित उद्यान में लगाने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर स्व. शरद यादव की प्रतिमा ललित उद्यान में लगाने की मांग की है। मोर्चा ने बताया कि नगर निगम ने सर्वसम्मति से स्व. शरद यादव की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित किया है, लेकिन अभी तक प्रतिमा स्थापित नहीं की गई। अतः स्व. शरद यादव की गरिमा के मुताबिक प्रदेश के मुख्यमंत्री भव्य प्रतिमा स्थापित करने बजट राशि तत्काल प्रदान करें।

# जमाअत-ए-इस्लामी जबलपुर ने करियर ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया

**जबलपुर।** जमाअत-ए-इस्लामी जबलपुर द्वारा "Career Orientation Program" का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोहम्मद अय्यूब ख़ान (HOD, Dept. of English, Women's College, Nagpur) ने शिरकत की। वे एक प्रोफेशनल काउंसलर और फैमिली थैरेपिस्ट भी हैं।प्रोग्राम कन्वीनर– डॉ. फरहान आदिल

इनॉगुरल वर्ड्स– उबेदुल्लाह आमिर

अपने संबोधन में डॉ. मोहम्मद अय्यूब ख़ान ने विद्यार्थियों को करियर से जुड़ी अहम बातों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि समय छात्र की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए इसे व्यर्थ गंवाना किसी भी सूरत में सही नहीं है। मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं का ज्ञान हासिल करना भी उतना ही ज़रूरी है, क्योंकि भाषा केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि भविष्य में अवसरों के द्वार भी खोलती है। उन्होंने अंग्रेज़ी भाषा पर मज़बूत पकड़ बनाने की विशेष ज़रूरत पर बल दिया और कहा कि यह शिक्षा और रोज़गार, दोनों में सफलता पाने की कुंजी है।उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छे छात्र की पहचान उसकी मेहनत, लगन और फोकस से होती है। इंसान की असली तरक्की उसी वक़्त होती है जब वह गिरकर उठना सीख ले। जीवन में की गई हर गलती, इंसान को नई सीख देती है। "Your last mistake is your best teacher" इस विचार को उन्होंने छात्रों के सामने रखा। डॉ. ख़ान ने यह भी कहा कि हमें ऐसा करियर चुनना चाहिए, जो न केवल हमारी व्यक्तिगत तरक्की का कारण बने, बल्कि समाज और इंसानियत के लिए भी उपयोगी साबित हो।अपने विचारों के अंत में उन्होंने संघर्ष की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि छात्र जीवन संघर्षों से भरा होता है, लेकिन इन्हीं संघर्षों को सफलता में बदलने वाला इंसान वास्तव में कामयाब कहलाता है। डरना छोड़कर डटे रहना ही सफलता की असली गारंटी है।प्रश्नोत्तर सत्र (Q&A Session)प्रोग्राम के अंत में विद्यार्थियों और मुख्य अतिथि के बीच एक खुला प्रश्नोत्तर सत्र हुआ। इसमें छात्रों ने अपने करियर से जुड़े कई सवाल रखे, जिनका डॉ. मोहम्मद अय्यूब ख़ान ने बड़े प्रभावी और प्रैक्टिकल उत्तर दिये। इस सत्र से विद्यार्थियों को न सिर्फ़ आत्मविश्वास मिला, बल्कि भविष्य की योजना बनाने में भी उन्हें ठोस दिशा मिली।कार्यक्रम का समापन जनाब गुलाम रसूल साहब (नाज़िम-ए-शहर, जमाअत-ए-इस्लामी हिंद जबलपुर) के अंतिम शब्दों से हुआ। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ मेहनत जारी रखने का संदेश दिया।


**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/130
दिनांकः- 29/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुड़िया ठाकुर पिता श्री हीरा सिंह ठाकुर ने मकान नं.C-18 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी तृतीय तल 480 विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/131
दिनांकः- 29/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कदम मोटवानी पिता श्री अशोक कुमार मोटवानी ने मकान नं. शॉप नं. 21 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 175 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./845/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदेश जाट पिता स्व. विजय जाट नि.-1301 कंजर मोहल्ला पूर्वी बेलबाग जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं.-110, प्लाट नं.-154, निर्मित रकवा/रकवा-780 व.फु./अवि. हिस्सा..व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक ..मृत्यु दिनांक 06/11/2011 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र,.....खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-110, प्लाट नं.-154, निर्मित रकवा/रकवा 780 व. फु./अवि.हिस्सा..व.फु.हे./ग्राम बेलबाग प.ह.नं..खसरा नं..रकवा-780 व.फु./हे..के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 13/10 /2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 25/09 /2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/09 /2025
पेशी दिनांक- 13/10 /2025

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर